


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,मंगलवार 24 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-324 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये







# संकल्पों के सात स्तंभों पर टिका है बजट

- S - समावेशी विकास
- A - अंधोसंरचना
- N - निवेश
- K - कुशल मानव संसाधन
- A - अंत्योदय
- L - लाइवलीहुड
- P - पॉलिसी से परिणाम तक

**रायपुर,24 फरवरी। विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए 'संकल्प' थीम के साथ विकास का रोडमैप रखा। बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की गई, वहीं 18 साल पूरे होने पर बच्चियों को डेढ़ लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में 23 नए उद्योग खुलेंगे और 5 प्रमुख शहरों के एयरपोर्ट पर शोरुम भी खोले जाएंगे। रायपुर के कालीबाड़ी क्षेत्र में 200 बिस्तरों वाला मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल और चिरमिरी में जिला अस्पताल के निर्माण का प्रावधान किया गया है। वहीं बस्तर के अंदरुनी इलाकों में बस सेवा शुरु करने के लिए 10 करोड़ रुपए रखे गए हैं और अबूझमाड़-जगरगुंडा क्षेत्र में दो एजुकेशन सिटी स्थापित की जाएंगी। बजट भाषण के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वित्त मंत्री को विस्तार से बजट बताने पर टोका, जबकि पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि बजट सुनते-सुनते थक गए।**

| किसानों,भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए 6सौ करोड़ | रायपुर में बनेगा होम्योपैथिक अस्पताल | मेकहारा में होगा एआई का उपयोग | राजधानी में मेट्रो ट्रेन चलाने सर्वे | नया रायपुर में आप्टिकल फाइबर के लिए 10 करोड़ | महतारी गौरव के रूप में मनाया जाएगा यह वर्ष | तात्यापारा से शारदा चौक तक फ्लाईओवर |
|---|---|---|---|---|---|---|

## बजट की बड़ी बातें

- बस्तर में नक्सलियों के गढ़ अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी को मंजूरी
- दोनों एजुकेशन सिटी के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने होम स्टे के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- सरगुजा अंचल में मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 5 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर और सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने चिकित्सकों की भर्ती
- बस्तर में इंद्रावती में बैराज निर्माण के लिए 2400 करोड़ का प्रावधान
- बस्तर, सरगुजा और दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ राशि का प्रावधान
- बस्तर और सरगुजा विकास विकास प्राधिकरण के लिए 75 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में बनेगा होम्योपैथी कॉलेज
- आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री द्रुतगामी सड़क संपर्क योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान
- छत्तीसगढ़ में 75 करोड़ की राशि से 250 महतारी सदन बनेंगे.
- जशपुर, मैनपॉट और कोतेबेरा में पर्यटन स्थलों का निर्माण किया जाएगा.
- राजधानी रायपुर में खाद लैब का निर्माण राज्य सरकार की तरफ से होगा.
- कांकेर, कोरबा, महासमुंद में खोले जाएंगे नर्सिंग कॉलेज
- मितानिन कल्याण निधि के लिए 350 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान
- 10 करोड़ रुपए से मेकाहारा में एआई का उपयोग किया जाएगा.
- 206 गांव को शहरों से जोड़ने के लिए 250 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में अंडरग्राउंड बिजली लाइन के लिए 100 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में खाद लैब का होगा निर्माण
- जल संसाधन विभाग के लिए 3500 करोड़ का प्रावधान
- रायपुर में मेट्रो रेल चलाने के लिए सर्वे एजेंसी तय
- एयरपोर्ट विकास के लिए सीजी वायु योजना के तहत 30 करोड़ का प्रावधान
- नगर पालिका और नगर पंचायत उत्थान के लिए मुख्यमंत्री आदर्श योजना के लिए 200 करोड़ का प्रावधान
- प्रधानमंत्री आवास के लिए 800 करोड़ का प्रावधान
- 4 लाइब्रेरी के लिए 22 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है
- सूर्य घर योजना के लिए केंद्रीय अनुदान के अतिरिक्त 400 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 5 नालंदा परिसरों के निर्माण के लिए 22 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 500 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपए का प्रावधान

### 5 हजार करोड़ से 1 लाख 72 हजार करोड़ तक पहुंचा बजट

छत्तीसगढ़ गठन (वर्ष 2000) के बाद से राज्य के बजट में ऐतिहासिक 35 गुना वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ का बजट 5 हजार करोड़ से 1 लाख 72 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। सीएम साय ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि संतुलित विजन से सतत विकास की अप्रतिम यात्रा बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,72,000 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट पेश किया गया है।

- एडवांस कार्डियाक इंस्टीट्यूट के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- मेडिकल कॉलेज इंटर्न हॉस्टल के लिए 35 करोड़ रुपए
- एनएचएम के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान
- पीडब्ल्यूडी के लिए 9450 करोड़ का प्रावधान
- कालेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना
- 25 कालेज भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए
- विश्वविद्यालयों के लिए 731 करोड़ रुपए का प्रावधान
- उद्योग विभाग के लिए 1750 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 5 शासकीय महाविद्यालय को सेंट्रल ऑफ़ एक्सीलेंस बनाने के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रावधान
- मेगा परीक्षा केन्द्रों की स्थापना के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है
- छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के विस्तार के लिए बजट में प्रावधान
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विस्तार के लिए 20 करोड़ का प्रावधान
- नीट क्लेट परीक्षा में आर्थिक मदद के लिए 35 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- आगामी वर्षों में व्यापम क्षमता विस्तार के लिए प्रावधान
- सूचना प्रौद्योगिकी AI सेंटर स्थापना के लिए 35 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के लिए पाँच हज़ार करोड़ का प्रावधान
- पेंशन योजनाओं के लिए 1422 करोड़ का प्रावधान
- गुड़ और नमक वितरण के एक हजार करोड़ का प्रावधान
- दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर में CGIT खुलेगा
- सत्य सांई संजीवनी के लिए हॉस्पिटल के लिए 25 करोड़ का प्रावधान
- नया रायपुर में ऑप्टिकल फाइबर के लिए 10 करोड़ का प्रावधान
- नया रायपुर में IIIT के लिए 20 करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग योजना के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान
- युवा करियर काउंसिलिंग के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान
- दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और कुनकुरी में

### नक्सलियों के गढ़ में एजुकेशन हब इंद्रावती में बैराज का निर्माण

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने साय सरकार का तीसरा बजट पेश कर रहे हैं. प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट पेश करते हुए नक्सलियों के प्रभाव से बाहर निकल रहे बस्तर के साथ-साथ सरगुजा क्षेत्र के लिए भी खजाना खोल दिया है.

मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी

- सभी नगर निगमों को अधोसंरचना विकास के लिए 750 करोड़ रुपए
- डे केयर योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान
- सियान गुड़ी को डे केयर सेंटर बनाया जाएगा
- भिलाई में व्यावसायिक परिसर के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए
- गिरौदपुरी मेले के लिए 50 लाख रुपए का प्रावधान
- चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के लिए नए भवन का निर्माण होगा
- कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान
- भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए 600 करोड़ का प्रावधान
- दलहन-तिलहन को कृषि उन्नति योजना में किया गया शामिल
- मत्स्य पालन के लिए 200 करोड़ का प्रावधान
- कृषि पंपों के लिए 5500 करोड़ रुपए का प्रावधान
- पॉम आइल खेती के लिए 150 करोड़ रुपए का प्रावधान
- डेयरी समग्र विकास योजना के लिए 90 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 5 शहरों के एयरपोर्ट में खुलेंगे शोरूम
- नशा मुक्ति केंद्रों के संचालन के लिए 20 करोड़ रुपए का प्रावधान
- रायपुर मठपुरैना में दृष्टिबाधित शाला के लिए 2 करोड़ 50 लाख का प्रावधान
- अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए हॉस्टल-स्कूल के निर्माण
- ओबीसी छात्राओं के लिए रायपुर में बनेगा 200 सीट का छात्रावास
- अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के लिए 80 करोड़
- रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर में खुलेंगे मिल्क प्रोसेसिंग उन्नयन यूनिट
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के लिए 1700 करोड़ रुपए का प्रावधान
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 4000 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान
- वीबी जी राम जी योजना के लिए एतिहासिक वृद्धि करते हुए 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान

### प्रमुख विभागों के प्रावधान

- स्कूल शिक्षा हेतु 22,360 करोड़
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास हेतु 16,560 करोड
- कृषि हेतु 13,507 करोड़
- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति हेतु 12,820 करोड़
- महिला एवं बाल विकास हेतु 11,000 करोड़
- लोक निर्माण हेतु 9,451 करोड़
- ऊर्जा हेतु 9,015 करोड़
- गृह हेतु 8,380 करोड़
- लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा हेतु 8,050 करोड़
- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी हेतु 3,890 करोड़




## महिलाओं के लिए खास

- **रानी दुर्गावती योजना :** बच्चियों के 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख रुपए की राशि दी जाएगी.
- **मुख्यमंत्री लखपति दीदी भ्रमण योजना :** इस योजना के जरिए राज्य की महिलाओं को धार्मिक केंद्रों का भ्रमण कराया जाएगा. इस योजना के जरिए महिलाओं के विकास पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाएगा.
- **महतारी वंदन योजना पर बड़ा ऐलान :** सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए महतारी वंदन योजना पर 8200 करोड़ का प्रावधान किया है.
- **प्रदेश में बनेंगे 250 महतारी सदन :** सरकार ने ऐलान किया है कि प्रदेश में 250 महतारी सदन बनेंगे, जसके लिए 75 करोड़ का प्रावधान किया गया है.
- **मितानिन कल्याण निधि :** सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए मितानिन कल्याण निधि पर 350 करोड़ का प्रावधान किया है.
- **मिशन वात्सल्य योजना :** सरकार ने वर्ष 2026-27 में मिशन वात्सल्य योजना के लिए 80 करोड़ का प्रावधान किया है.

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि महतारी वंदन योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 14 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है. छत्तीसगढ़ में 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है, जबकि प्रदेश की आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 800 करोड़ रुपए का बजट बनाया है.

## बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट,एक जवान घायल

**बीजापुर 23 फरवरी.** जिले के दक्षिण क्षेत्र में सोमवार को एरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान प्रेशर आईईडी में विस्फोट हो गया। इस घटना में स्पेशल टास्क फोर्स का एक जवान घायल हो गया। बताया जा रहा है कि यह आईईडी नक्सलियों द्वारा लगाया गया था। जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नियमित एरिया डोमिनेशन ड्यूटी पर निकली थी। जंगल क्षेत्र में पहले से लगाए गए प्रेशर आईईडी पर पैर पड़ते ही अचानक विस्फोट हो गया। धमाके की चपेट में आने से एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद अन्य जवानों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्चिंग अभियान तेज कर दिया। घायल जवान को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया। सुरक्षा बलों ने इलाके में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए सघन सर्च ऑपरेशन जारी रखा है। अधिकारियों का कहना है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से आईईडी लगाया था।

## किसानों और युवाओं के लिए ऐतिहासिकः सीएम

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बजट को प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि यह किसानों और युवाओं के लिए ऐतिहासिक बजट है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट समावेशी विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुद्दढ़ करने के साथ-साथ आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### संकल्प का नया जुमला :दीपक बैज

बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ज्ञान गति की असफलता के बाद संकल्प का नया जुमला वित्त मंत्री ने फेंका है। यह बजट भी जनता को निराश करने वाला बजट है। वित्त मंत्री हाई स्कूल के बच्चे के समान कल्पनाओं में डूबते नज़र आये। इनका बजट राज्य की जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आया। उन्होंने अपने बजट भाषण में बस्तर एवं सरगुजा के विकास के सब्जबाग जो दिखाये, लेकिन इन वादों को पूरा करने बजट प्रावधान निराश करने वाले रहे।

## एक ही परिवार के 3 लोगों की हत्या

**सारंगढ़,24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ जिले से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के झाल गांव में देर रात घरेलू विवाद ने ऐसा खौफनाक मोड़ लिया कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, पड़ोसियों के बीच किसी पारिवारिक बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। लेकिन देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में धारदार हथियार उठा लिया और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाकर भागते नजर आए। हमले में घायल दो लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं तीन मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा लग रहा है, लेकिन हर एंगल से जांच की जा रही है।

# बैठक में यातायात पुलिस के प्रमुख प्रस्ताव स्वीकृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 फरवरी।** जिले में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा बैठक में यातायात पुलिस के प्रस्तुत प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। बैठक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक इंजीनियरिंग के आधार पर विस्तृत तकनीकी विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। इससे स्मृति नगर झरोखा पैलेस से आरोग्यम हॉस्पिटल तक सर्विस रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है और खुर्सीपार एवं सिरसा गेट क्षेत्र में फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण को प्रशासनिक सहमति भी मिली है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि यातायात पुलिस दुर्ग ने जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त



सड़क सुरक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक इंजीनियरिंग के दृष्टिकोण से विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। बैठक में जिले के प्रमुख यातायात प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए स्थायी समाधान के लिए आवश्यक प्रस्ताव रखे गए। खुर्सीपार एवं सिरसा गेट क्षेत्र में निरंतर लगने वाले यातायात जाम की समस्या के निराकरण हेतु फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई। फ्लाईओवर निर्माण से मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा तथा जाम की स्थिति में प्रभावी सुधार आएगा। इसी प्रकार स्मृति नगर झरोखा पैलेस से आरोग्यम हॉस्पिटल तक सर्विस रोड उपलब्ध न होने के कारण उत्पन्न यातायात दबाव, अव्यवस्थित पार्किंग एवं रॉन्ग साइड वाहन संचालन की समस्या के समाधान हेतु बोगदा पुलिया, कातुलबोड़ से आरोग्यम हॉस्पिटल तक नवीन सर्विस रोड निर्माण का प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सर्विस रोड निर्माण से मुख्य मार्ग पर वाहनों का भार कम होगा तथा दुर्घटनाओं की आशंकाओं में कमी आएगी। दोनों प्रस्तावों के क्रियान्वयन से वैकल्पिक मार्ग विकसित होंगे, यातायात प्रवाह नियंत्रित रहेगा तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं समयबद्ध आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी

## खिले पलाश के फूल



**उतई, 24 फरवरी।** बसन्ती रंग में सराबोर पलाश के फूल उतई खोपली मार्ग में खिले है जो राह चलते लोगो को अपने ओर आकर्षित कर रहे हैं। पलाश के फूलों से कहीं कहीं होली के लिए पारंपरिक रंग बनाया जाता हैं।

## एक नजर

### धारदार हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धारदार हथियार लेकर लहराते हुए युवक को पुलिस ने पकड़ा है मुखबिर की सूचना पर कोसा नगर स्थित रामलीला मैदान के पास एक युवक अपने हाथ में लोहे का धारदार हथियार लेकर लहरा रहा था। आम नागरिकों को डरा-धमका रहा है, जिससे क्षेत्र में भय का वातावरण निर्मित हो गया है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर हिरासत में लिया गया

### दुकानों में बच्चों को कैसे मिल जाती है गुटखा और बीड़ी, चिंतनीय विषय

**कवर्धा, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कबीरधाम जिले में बच्चे को गांव या शहर या आदिवासी अंचलों में बीड़ी या गुटखा कैसे मिल जाती है यह चिंतनीय विषय है। कही केंसर ना हो जाय यह भी हो सकता है क्योंकि बच्चे यदि स्कूली लाइफ में बीड़ी पियेंगे गुटखा खाएंगे तो केंद्र जैसी बीमारी हो सकती है। बच्चे भी दुकानदार को कह देते है की पापा के लिए बीड़ी, गुटखा चाहिए। दुकानदार भी आसानी से दे देता है। बच्चों की शुरुवात में खरीदने ओर फिर बीड़ी पीने और गुटखा खाने की आदत बन जाती है ।

### जमीन बिक्री के नाम पर 13 लाख की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जमीन बिक्री के नाम पर 13 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को छावनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस आरोपी के कब्जे से पंजाब नेशनल बैंक के 05 नग चेक एवं दस्तावेज जब्त किया है छावनी पुलिस ने बताया कि 23 फरवरी को प्रार्थी ने थाना छावनी में रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2024 में आरोपी ने ग्राम जंजगिरी स्थित भूमि को अपना बताते हुए विक्रय करने का सौदा किया आरोपी द्वारा किश्तों में कुल 13 लाख रुपए प्राप्त कर भूमि की रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया गया, किन्तु बाद में भूमि अन्य व्यक्ति के नाम पंजीकृत होना पाया गया आरोपी ने धोखाधड़ी कर राशि का निजी उपयोग किया प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन उपरांत आरोपी जगजीत उर्फ करण सिंह, (32) निवासी मंडल टाउन नेहरू नगर, थाना सुपेला को गिरफ्तार किया है

### जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता भेंटकर सीईओ अभिषेक अग्रवाल का सम्मान किया



**कवर्धा, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र महेंद्र धृतलहरे, विजय पटेल ने नव नियुक्त जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल को गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया।

# आयुक्त ने निर्माणाधीन खेल परिसर व नालंदा परिसर के कार्यों का निरीक्षण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 फरवरी।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम) का सघन दौरा कर निर्माणाधीन वृहद खेल परिसर और नालंदा परिसर के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शहर के युवाओं के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य को प्राथमिकता देते हुए आयुक्त ने निर्माणाधीन स्विमिंग पूल, हार्स राइडिंग एरिया तथा सड़क निर्माण के प्रारंभिक कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित ले-आउट एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही किए जाएं, ताकि तय समय-सीमा में उत्कृष्ट कार्य पूर्ण हो सके। प्रियदर्शिनी परिसर में विकसित हो रहा यह खेल परिसर शहर के खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण का बेहतर अवसर प्रदान करेगा। विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए समुचित अधोसंरचना उपलब्ध होने से स्थानीय प्रतिभाओं को



निखारने में मदद मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए नालंदा परिसर में शांत एवं अध्ययन-अनुकूल वातावरण के साथ पृथक कक्षों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ अध्ययन करने का अवसर मिलेगा और वे राज्य व शहर का नाम रोशन कर सकेंगे। परिसर के भीतर पहुंच मार्ग एवं सड़कों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता बसंत साहू, पुरूषोत्तम सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी एवं स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 5 करोड़ के गांजा सहित कंटेनर जब्त



- कुल 9 क्विंटल से ज्यादा मादक पदार्थ पकड़ा गया
- गुप्त चैंबर बनाकर गांजा तस्करी कर रहा था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 24 फरवरी।** कबीरधाम (छत्तीसगढ़) ङ्क कबीरधाम पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 5 करोड़ रुपये कीमत का गांजा जब्त किया है। थाना चिल्फी थाना पुलिस ने नागालैंड पासिंग कंटेनर को जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। इसी कंटेनर में गांजा भरकर ले जाया जा रहा था।

वाहन में 30-30 किलो की 30 बोरियों में भरा करीब 9 क्विंटल (900 किलो) गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी आयाज खान, निवासी भरतपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपी यह गांजा ओडिशा से राजस्थान ले जा रहा था।

बरामद माल में लगभग 9 क्विंटल गांजा 30 बोरियां, हर बोरी 30 किलो, कीमत करीब 5 करोड़ रुपये है। तस्करी में उपयोग में लाई जा रही कंटेनर की कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी का नाम आयाज खान, निवासी भरतपुर, राजस्थान है। वह ओडिशा से राजस्थान पर पकड़ा गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई को जिले में नशे के कारोबार पर बड़ी चोट माना जा रहा है।

# प्लेट मिल कर्मियों की गृहणियों ने इस्पात निर्माण को देखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्लेट मिल विभाग के 22 कर्मियों की गृहणियों के लिए आप भी जानिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र एचआरडी केंद्र में हुआ, जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक सी. पद्मनाभन ने की। महाप्रबंधक प्रभारी जे. एन. ठाकुर एवं उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक



भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने प्लेट मिल की राष्ट्रीय विकास में भूमिका और सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति के महत्व पर बल दिया। संयंत्र भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने यूआरएम, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-3, सीओ एंड सीसीडी, रोज गार्डन तथा प्लेट मिल का अवलोकन किया और शॉप फ्लोर पर इस्पात निर्माण व रोलिंग प्रक्रिया को निकट से समझा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहरा के साथ संवाद सत्र एवं सामूहिक दोपहर भोज आयोजित हुआ। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए संयंत्र की प्रगति के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

## सेक्टर-9 हॉस्पिटल मैदान में महिला चेंजिंग रूम निर्माण के लिए भूमिपूजन किया

**भिलाई, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** यूथ खेल एवं सांस्कृतिक समिति, सेक्टर–9 हॉस्पिटल मैदान में सांसद विजय बघेल के सौजन्य से महिला चेंजिंग रूम निर्माण हेतु सांसद निधि से 5 लाख रु की राशि प्रदान की गई है। इसी क्रम में सेक्टर–9 फुटबॉल मैदान में महिला चेंजिंग रूम निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुआ। यह पहल क्षेत्र की महिला खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने तथा उनके सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, नगर निगम भिलाई के पूर्व प्रतिपक्ष नेता संजय दानी, जिला ओलंपिक संघ के सह सचिव पोखन साहू, विकासखंड पाटन के क्रीड़ा अधिकारी संतोष यादव सहित समिति के सदस्यगण अल्प राव, जयंत वर्मा, सुनील गोसाई, शशांक झोलदेव, मुकेश गोसाई, राम मोहन राव, अजीत सिंह, जागेश्वर वैष्णव, बंगारू मोहन, फारुख बेग, श्याम मालेकर, संतोष सोनी, अमित हरपाल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आशीष कुमार, प्रदेश व्यायाम शिक्षक संघ से यतेश साहू, राघवेंद्र सिंह, निखिल जामभूलकर उपस्थित रहे। इसके साथ ही यूथ खेल एवं सांस्कृतिक समिति के कोच सुमन दादा, राष्ट्रीय स्तर की बालिका एवं बालक खिलाड़ी तथा समिति की फुटबॉल टीम की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया।



# नगर निगम की कार्यप्रणाली को आधुनिक पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाएं : आयुक्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 फरवरी।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेकर कार्यप्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और परिणाममुखी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वसूली, पेयजल व्यवस्था, डिजिटल सिस्टम और जन सुविधाओं में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अब सभी फाइलें अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी। अधिकारी-कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आधार आधारित अटेंडेंस सिस्टम का कड़ाई से पालन किया जाएगा। जेम पोर्टल का उपयोग अब केवल सामग्री क्रय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सेवाएं, श्रमिक उपलब्धता और अन्य सुविधाओं के लिए भी प्रभावी रूप से किया जाएगा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए टंकियों की मरम्मत, पाइपलाइन सुधार और नलों में टैब लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि जल आपूर्ति बाधित न हो। आयुक्त ने बकाया संपत्ति कर की वसूली में तेजी लाने, अनुपयोगी सामग्रियों को राइट ऑफ कर नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा खेल परिसरों के संचालन के लिए 'रुचि की अभिव्यक्ति' के माध्यम से योग्य एजेंसियों का चयन करने के निर्देश दिए। आगामी वित्तीय वर्ष हेतु विभागवार बजट शीघ्र प्रस्तुत करने को भी कहा गया। कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने और पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने पर भी बल दिया गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अनुशासन, डिजिटल पारदर्शिता और जन सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 फरवरी।** जामुल पुलिस ने बताया कि कुरुद निवासी कामेश्वर निषाद अपने साथियों एवन साहू, गोविंद साहू, नरेन्द्र साहू, भुनेश निषाद उर्फ भुनु के साथ झण्डा चौक कुरूद के पास कार में बैठा था विवाद को लेकर सुलह करने की चर्चा के दौरान आरोपी खिलेश वर्मा उर्फ सन्नी द्वारा स्टील पाइप से मारपीट किया बीच-बचाव करने पहुंचे एवन साहू को भी स्टील पाइप से सिर पर वार किया। आरोपी ने गोविंद साहू को जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से पीठ, रीढ़ की



हड्डी के पास, दाहिने कांख के नीचे एवं मुंह वार कर दिया। घटना में कामेश्वर को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी कुरुद निवासी खिलेश वर्मा उर्फ सन्नी को पकड़ा गया।

### हम भी हैं तैयार नागरिक सुरक्षा कार्यशाला आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 फरवरी।** नागरिक सुरक्षा संगठन तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा ब्लास्ट फर्नेस कर्मियों की धर्म पत्नियों हेतु हम भी हैं तैयार नागरिक सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 22 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में आपदा के समय धैर्यपूर्वक कार्य करना, प्राथमिक उपचार, रक्तस्राव रोकना, कृत्रिम श्वास, स्ट्रेचर निर्माण, रस्सी बचाव तकनीक तथा आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने घरेलू, अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा पर भी मार्गदर्शन दिया। समापन अवसर पर महाप्रबंधक विवेक वर्मा ने महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए ऐसे प्रशिक्षण को समय की आवश्यकता बताया।

## चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती कार्यक्रम में

# प्रतिभावान विद्यार्थियों, कृषकों, व्यवसायियों का किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 24 फरवरी।** ग्राम अण्डा, चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज, उपक्षेत्र अण्डा के वार्षिक अधिवेशन एवं छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। छत्रपति शिवाजी महाराज जी के तैल चित्र पर माल्यारोपण व दीप प्रज्वलित कर विधिवत् पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, उन्नतशील कृषकों, सफल व्यवसायियों एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई। यह आयोजन सामाजिक



एकता, गौरवशाली परंपराओं एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के आदर्शों को आत्मसात करने का सशक्त माध्यम बना।

मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷छत्रपति शिवाजी महाराज जी का जीवन और उनके आदर्श हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। उनकी वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना हमें अपने देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा देती है। चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज का यह आयोजन समाज के लोगों को एकजुट करने और उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। मैं इस अवसर पर समाज के सभी लोगों को बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, उन्नतशील कृषकों, सफल व्यवसायियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करना एक सराहनीय कदम है, जो समाज के विकास में उनके योगदान को मान्यता देता है।÷

कार्यक्रम में अध्यक्ष दीनानाथ चंद्राकर, उपाध्यक्ष अमित चंद्राकर जी, सचिव राजेन्द्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष छत्रपाल चंद्राकर, लोकमनी चंद्राकर, आनंद चंद्राकर, शिव चंद्राकर, अमित चंद्राकर, तारकेश्वर चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, डॉ. गोविन्द चंद्राकर, सेवक चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, नकुल चंद्राकर, लोकमानी चंद्राकर, संजय चंद्राकर, त्रेता चंद्राकर, गोलू चंद्राकर, जनप्रतिनिधि सरपंच दिग्विजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### वैशाली नगर की बेटियों के लिए शादी में मेकअप और मेहंदी मात्र 1 रुपये में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 फरवरी।** वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन ने अपनी विधानसभा क्षेत्र की बहनों और बेटियों के लिए एक और जनकल्याणकारी घोषणा की है। रविवार रात्रि 8 बजे की गई घोषणा के अनुसार अब मध्यमवर्गीय एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी में मेकअप और मेहंदी का खर्च लगभग समाप्त हो जाएगा। आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से यह सुविधा विधानसभा क्षेत्र की बेटियों को मात्र 1-1 रुपये के टोकन शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि एक पिता के लिए बेटी और भाई के लिए बहन की शादी सबसे बड़ा सुखद अवसर होता है, लेकिन बढ़ते खर्च कई बार परिवारों की चिंता बढ़ा देते हैं। उनकी कोशिश है कि वैशाली नगर की किसी भी बेटी का श्रृंगार आर्थिक अभाव के कारण अधूरा न रहे। उन्होंने इसे योजना नहीं, बल्कि अपनी विधानसभा की बहनों के प्रति सम्मान और स्नेह का प्रतीक बताया। उन्होंने जानकारी दी कि सामान्यतः दुल्हन के मेकअप पर 20 से 25 हजार रुपये तथा मेहंदी पर 1 से 5 हजार रुपये तक खर्च आता है।



# नगर पंचायत ने जरूरतमंदों को व्हील चेयर और छड़ी प्रदान की

■ नगर पंचायत की त्वरित पहल से 60 वर्षीय हितग्राही को व्हीलचेयर, 13 अन्य को मिली छड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 24 फरवरी।** मानवता और संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए नगरी नगर पंचायत ने वार्ड क्रमांक 6 निवासी 60 वर्षीय इंदु बाई निशाद को व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर उनकी दैनिक जीवन की बड़ी समस्या का समाधान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंदु बाई निशाद कुछ दिन पूर्व अपने घर की सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उन्हें चलने-फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उम्र अधिक होने के कारण वे स्वयं से शौचालय तक जाने में भी असमर्थ हो रहे थे। अपनी पीड़ा को उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के समक्ष रखा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर आवेदन प्रस्तुत किया। नगर पंचायत प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मात्र दो दिनों के भीतर ही धमतरी समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर हितग्राही को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। इस त्वरित कार्रवाई से न केवल एक बुजुर्ग को सहारा मिला, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर भी विश्वास और मजबूत हुआ। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉक्टर मनीष पांडे एवं सहायक कौशल कुमार साहू एवं तोस कुमार जयसवाल का नगरी नगर पंचायत की समस्त जनपद निधियां ने भी आभार व्यक्त किया है इसी क्रम में नगर पंचायत नगरी द्वारा क्षेत्र के 13 अन्य जरूरतमंद नागरिकों को उनकी आवश्यकता अनुसार छड़ी भी प्रदान की गई, ताकि वे अपनी दैनिक दिनचर्या सुगमता से पूर्ण कर सकें। व्हीलचेयर प्राप्त कर निशाद ने भावुक होकर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सभापति अश्वनी निषाद, विनिता कोठारी, शंकर देव, चेलेश्वरी साहू, राजा पवार, जयंती तुकेश्वरी साहू, मिक्की गुप्ता, अंबिका ध्रुव, नरेश, पटेल देवचरण ध्रुव सहित समस्त जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत नगरी की यह पहल सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता एवं जनसेवा की भावना का सशक्त उदाहरण है, जो प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की नई मिसाल कायम करती है।

## एक नजर

### उपार्जन केंद्रों से 80 प्रतिशत धान का उठाव पूर्ण

**बलौदाबाजार, 24 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 अंतर्गत समर्थन मूल्य में ख़रीदे गए धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है।उपार्जन केंद्रों से अब तक 80.72 प्रतिशत धान का उठाव मिलरों के द्वारा किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले में 166 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर 791510 मिट्रिक टन धान खरीदी की गई है। उपार्जन केन्द्र से 460477मेट्रिक टन धान मिलरों को प्रदाय किया गया है।जिले में कुल 90 पंजीकृत मिलर है जिनके द्वारा धान का उठाव किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सोनी ने जिला विपणन अधिकारी एवं खाद्य अधिकारी को धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये है। उन्होंने धान उठाव में कोताही बरतने वाले मिलरों पर कार्यवाही के भी निर्देश दिये हैं।

### 10 पीड़ित परिजनों को 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव 24 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देश के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने आरबीसी 6-4 अंतर्गत जिले के 10 पीड़ित परिजनों को कुल 40 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत प्रदान की गई है। इसके तहत ग्राम करेठी तहसील कुमरदा डोंगरगांव निवासी श्री सुभेराम साहू की घुमरिया नदी एनीकट के पानी में डूबने, ग्राम अंजोरा पोष्ट थनौद तहसील राजनांदगांव निवासी श्री तिलकराम साहू की तालाब के पानी में डूबने, ग्राम बखत रेंगाकठेरा राजनांदगांव निवास श्री धनसाय साहू की नाला के पानी में बहने से पानी में डूबने, ग्राम दीनदयान नगर ओपी चिखली राजनांदगांव निवास श्री नोमित ठाकुर की शिवनाथ नदी के पानी में डूबने, ग्राम रातापायली तहसील डोंगरगांव निवासी श्रीमती पार्वती सूर्यवंशी की शिवनाथ नदी के पानी में डूबने, ग्राम कटेंगाटोला तहसील छुरिया निवासी श्री रामसिंग की बगनदी नहर डूबान के पानी में डूबने, ग्राम खोभा तहसील छुरिया निवासी श्री अशोक कुमार गोंड़ की सर्पदंश से मृत्यु, ग्राम मानिकपुर तहसील कुमरदा निवासी श्री शंकरलाल निषाद की सर्पदंश से, ग्राम तुमड़ीबोड़ तहसील डोंगरगांव निवासी श्रीमती कामताबाई की कुंआ के पानी में डूबने, ग्राम जामसरारकला तहसील डोंगरगांव निवासी पीयूष कुमार कंवर की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पीड़ित परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मनरेगा स्थल पर ग्रामीण पालकों को किया गया जागरूक

**राजनांदगांव 24 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत आरी में मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचकर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण पालकों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं सार्वजनिक संवाद के माध्यम से ग्रामीण पालकों एवं किशोर-किशोरियों को विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक विषयों पर जागरूक किया गया। अच्छे पालक की साझा जिम्मेदारी एवं सकारात्मक पालन-पोषण, किशोरों का समुचित पोषण एवं शारीरिक आत्मविश्वास, बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम, साइबर अपराध से बचाव एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, रूप नहीं, गुण और पढ़ाई का कोना के माध्यम से बच्चों में आंतरिक प्रतिभा, शिक्षा एवं संस्कार को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया।

### स्काउट के जनक बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन के जन्मदिवस को विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया

**राजनांदगांव 24 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्काउट के जनक बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन के जन्मदिवस 22 फरवरी को विश्व चिंतन दिवस के रूप में बौद्ध विहार डोंगरगढ़ में मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के मूल्यों एवं योगदान के लिए संगोष्ठी, मानव श्रृंखला, सामूहिक प्रतिज्ञा, स्काउट गाइड कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री उमेश हथेल, जिला मुख्य आयुक्त श्री महेश खंडेलवाल, विकासखण्ड अध्यक्ष श्री दविंदर सिंह भाटिया, जिला आजीवन सदस्य श्री संतोष खंडेलवाल, श्री मिलन टेम्भूरकर, श्री विकास अम्बादे एवं श्री विनोद हथेल आदि उपस्थित थे।

तिल्दा नेवरा लोकतंत्र सेनानी एवं प्रहरी का सम्मेलन में

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर,दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर 24 फरवरी।** लोकतंत्र सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी की संयुक्त बैठक में लोकतंत्र प्रहरी के नवनियुक्त पदाधिकारियों, संभागीय अध्यक्षों व सभी जिला अध्यक्षों को लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान कर दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रदेश से 120 से अधिक सेनानियों एवं नियुक्त प्रहरी पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि राष्ट्र कार्य के लिए स्वस्थ शरीर, मन एवं बुद्धिमान मस्तिष्क का होना आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की आजादी की लड़ाई हो या आपातकाल के विरुद्ध संघर्ष, इनका नेतृत्व हमेशा इन गुणों से युक्त युवा पीढ़ी ने ही किया।प्रमुख वक्ताओं के राज्य सूचना आयोग के पूर्व आयुक्त मोहन पवार ने आपातकाल को देश के संविधान एवं लोकतंत्र की हत्या का ज्वलंत प्रमाण बताते हुए कहा कि इसे काले अध्याय के रूप में पाठ्यपुस्तकों में शामिल कर विस्मृत न होने दिया जाए। पूर्व संसदीय सचिव एवं वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र पांडे ने प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ की प्रशंसा करते हुए बताया कि अब सरकारी निमंत्रण पत्रों में उनके नाम के आगे ÷लोकतंत्र सेनानी÷ लिखा जाता है, जो सच्चिदानंद उपासने के योगदान का परिणाम है। उन्होंने लोकतंत्र प्रहरी से निष्पक्ष भूमिका निभाने का आह्वान किया, जैसे आपातकाल के सत्याग्रहों में सड़कों पर उतरकर विरोध किया गया था।लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश प्रभारी द्वारका जायसवाल ने एकता एवं भाईचारे पर बल देते हुए कहा कि विगत 25 वर्षों से संगठन ने सेनानियों के हितों की रक्षा की, जिससे मृत्यु के बाद भी राजकीय सम्मान प्राप्त हो रहा है। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने लोकतंत्र प्रहरी की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए 21-सूत्री कार्यक्रम घोषित किए तथा प्रदेश भर से प्रतिनिधित्व को सेनानी परिवार की इच्छा शक्ति का प्रतीक बताया।आगामी कार्यक्रमवरिष्ठ सेनानी सुभाष देशपांडे ने सदस्यता अभियान की जानकारी दी, जबकि प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने सभी संभागों में बैठकों का आयोजन व 21 मार्च को दिल्ली में विजय दिवस कार्यक्रम में अधिकतम भागीदारी की अपील की। आभार प्रदर्शन श्रीमती अंजना जायसवाल, महामंत्री लोकतंत्र प्रहरी ने किया। वंदे मातरम के नारों के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ, अंत में दिवंगत सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।बैठक में प्रमुख उपस्थितः असित भट्टाचार्य, महेंद्र जैन, मोहन पवार, द्वारका जायसवाल, हेमंत उपासने, शशांक शुक्ला, विशाल राजहंस, वीरेश सिंह, संतोष कुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अंजना जायसवाल, देवेंद्र साहू, आलोक श्रीवास्तव, सौरभ जैन, गौतम सोनकर, सुरेश तिवारी, आदित्य झा, आलोक दुबे, सौरभ जैन रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा, राजकुमार यदुवंशी, दीपक सोनी, अनिरुद्ध प्रजापति, शंकर दास, अविनाश नागे सहित 26 जिलों के जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

# नपा,बिजली व पुलिस विभाग ने कबाड़ी के पांच एकड़ के पुराने अवैध कब्जे को हटाया

■ नगरपालिका ने अवैध कब्जा हटाये जाने कई बार दिया था नोटिस जिसके बाद हटाने के लिए चला बुलडोजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 24 फरवरी।** नगरपालिका पालिका प्रशासन व राजस्व विभाग, विद्युत विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे पटपर रोड स्थित अशफाक कबाडी दुकान के अवैध कब्जा को हटाया गया जो कि अवैध कब्जा के रुप मे कबाड़ी का समान 5 एकड मे फैला हुआ था लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के शहर के अंतिम छोर मे स्थित उक्त जमीन को कलेक्टर द्वारा कुल 14 एकड कि जमीन नगरपालिका को 2012 मे आबंटित किया गया था

**अवैध कब्जा हटाये कई दिये गये थे नोटिसः** नगरपालिका प्रशासन से लिये गये जानकारी के अनुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान ने बताया कि पटपर रोड स्थित अवैध कब्जा स्थित कबाड़ी दुकान के कब्जे को हटाये जाने हेतु नगरपालिका प्रशासन द्वारा लगातार नोटिस दिया गया जिसका कोई भी सकरात्मक जवाब नही दिया जाता था एवं उक्त अवैध कब्जा विगत 15 सालों से किया जाना बताया गया वही मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान ने कहा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना के लिये नगरपालिका को अपने अधिकार क्षेत्र स्थित शासकीय जमीन कि आवश्यकता है और भी शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण करेगा उस उचित कारवाई किया जायेगा

अवैध कब्जा के कारवाई के दौरान कबाडी के समान संयुक्त टीम के द्वारा जप्ती किया गया जो कि यह करोड़ों के कबाडी समान 5 एकड तक फैलाकर अतिक्रण कर रखा गया था जिसमें विभिन्न मशीनरी समान मिलों से सम्बंधित समान मोटरसाइकिल व चारचक्का गाडी समान विद्युत से जुडे विभिन्न प्रकार के समान के साथ साथ अन्य कई कीमती समान था वही ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने जानकारी लेने पर बताया कि कारवाई के दौरान चोरी के समान भी पाया गया जो जाँछ का विषय है वही समाचार लिखे जाने तक कारवाई जारी है व अतिक्रमण का पैमाना व्यापक स्तर पर होने के कारण आगे भी कारवाई निरन्तर जारी रहेगी

**सबसे बडे कारवाई मे अवैध कब्जाधारियों मे हडकम्पः** गौरतलब है कि 5 एकड मे फैले 15सालों के इस अवैध कब्जे कि कारवाई से अवैध कब्जा धारीयों मे हडकंप मचा हुआ है जो कि आने वाले दिनों मे नगरपालिका के जमीन पर लम्बे समय से भारी पैमाने पर अवैध अतिक्रमण कर बैठे अवैध अतिक्रमण धारीयों पर आगे भी अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु कारवाई जारी रहेगी जो कि इस अतिक्रण मुक्त के कारवाई से अतिक्रमण धारीयों मे हडकंप मचा हुआ ।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर की शासकीय भूमि जनता की संपत्ति है। इसे किसी भी व्यक्ति द्वारा निजी उपयोग हेतु अवैध रूप से कब्जा करना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि नगर के विकास में बाधा भी है। पिछले 15 वर्षों से लंबित इस प्रकरण में बार-बार नोटिस देने के बावजूद सहयोग न मिलने पर आज कठोर कार्रवाई करना आवश्यक हो गया था। नगर पालिका को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, अधोसंरचना विकास एवं सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार हेतु भूमि की आवश्यकता है। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएग

यह कार्रवाई किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि कानून के पालन एवं नगरहित में की गई है। आने वाले समय में भी जहां-जहां शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पाया जाएगा, वहां विधिसम्मत और सख्त कार्रवाई की जाएगी। आज के इस कारवाई मे तहसीलदार यशवंत राज मुख्य नगरपालिका अधिकारी जफर खान ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल विद्युत विभाग एई पूजा महिलांग ,नगरपालिका कर्मचारियों मे राजस्व निरीक्षक अजय नायडू ग़जहँस ठाकुर सौरभ ठाकुर रवि ध्रुव सचिन मसीह कन्हैया ठाकुर देव कुमार बंजारे वैष्णव राकिब बाठिया सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएम आशा योजना के तहत खरीफएवं रबी फसलों की खरीदी के लिए पंजीयन 28 फ़रवरी तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 फरवरी।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पी.एम. आशा) योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत किसानों का पंजीयन समितियों के माध्यम से ई समयुक्ति पोर्टल में किया जा रहा है। किसान 28 फ़रवरी 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं।

योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में क्रमशः अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी एवं विपणन वर्ष 2026-27 में क्रमशः चना, मसूर एवं सरसों फसलों की बुआई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर साथ लेकर अपना पंजीयन करा सकते है। योजनान्तर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले के लिए चिन्हांकित एजेंसीद्वारा पंजीकृत कृषकों की फसलों का उपार्जन किया जाएगा।

इस योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसमें खरीफ फसल अरहर 8000 रूपए, मूंग 8768 रूपए, उड़द 7800 रूपए. मूंगफली 7263 रूपए. सोयाबीन 5328 रूपए एवं रबी फसल चना 5875 रूपए, मसूर 7000 रूपए, एवं सरसों 6500 रूपए, न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल तय किया गया है। योजनान्तर्गत शासन द्वारा पंजीकृत कृषकों से खरीफफसल अरहर 3 क्विंटल, मूंग 3 क्विंटल, उड़द 3 क्विंटल, मूंगफली 7 क्विंटल, सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़ एवं रबी फसल चना 6 क्विंटल, मसूर 2 क्विंटल, सरसों 5 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से कृषकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी।

## अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले के चिन्हांकित 25 वरिष्ठ नागरिकों का एम्स रायपुर में होगा निःशुल्क आपरेशन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 फरवरी।** अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के चिन्हांकित 25 वरिष्ठ नागरिकों का एम्स रायपुर में निःशुल्क ऑपरेशन के लिए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर विशेष वाहन को रवाना किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागृति यदु, श्रीमती शीला सिन्हा, श्रीमती किरण बारले एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी।

उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार ने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में वरिष्ठ नागरिकों जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं, उनका कुशल नेत्र सहायकों द्वारा नेत्र परीक्षण का कार्य सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा किया गया। अटल वयो अभ्युदय योजना का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ सहित भारत को मोतियाबिंद मुक्त बनाना है, इस कार्य के लिए जिले को 100 वयो वृद्धजनों के मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में चिन्हांकित मरीजों में से 25 वरिष्ठ नागरिकों को उनके परिजनों के साथ-साथ विशेष वाहन द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स हॉस्पिटल) रायपुर के लिए रवाना किया गया। एम्स हॉस्पिटल में एक्सपर्ट टीम द्वारा जांच उपरांत निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। चिन्हांकित मरीजों के साथ नोडल अधिकारी श्रीमती सुखमा चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सहयोगी श्री संतोष साहू, श्रीमती कंचनकला मेश्राम, श्रीमती आराधना थवाईत, समीरक्षत्री एवं टीम रवाना हुई।

## ग्राम सुकुलदैहान के हथकरघा बुनकरों को दिया गया दो दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण

**राजनांदगांव 24 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रैंप योजना के तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान के हथकरघा बुनकरों के लिए दो दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उद्यम पंजीकरण कराने वाले एवं पूर्व में तीन दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बुनकरों के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

प्रशिक्षण में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा पारंपरिक बुनकरों को नवीन तकनीक की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पहले दिन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं बिजनेस ब्रांडिंग के बारे में बताया गया। सरकारी विभागों को उत्पाद बेचने के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर पंजीयन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि ई-कॉमर्स अमेजन, फ्लिपकार्ट एवं अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं। एक सफल स्टार्टअप के लिए बिजनेस मॉडल तैयार करने तथा अपने ब्रांड की वैल्यू बढ़ाने के बारे में बताया गया।

वनमंडल बलौदाबाजार में इको पर्यटन को बढ़ावा देने,स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने

# वन परिक्षेत्र देवपुर में नेचर कैंप का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 24 फरवरी।** वनमण्डल बलौदाबाजार अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवपुर स्थित इको पर्यटन नेचर कैंप मड हाउस का सोमवार को औपचारिक लोकार्पण किया गया। यह नेचर कैंप प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप विकसित किया गया है जिसमें स्थानीय संसाधनों एवं पारंपरिक निर्माण शैली का समावेश किया गया है।

मड हाउस की स्थापना का उद्देश्य प्रकृति के निकट पर्यटन अनुभव प्रदान करना, पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना तथा स्थानीय समुदाय को आय के स्थायी अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल के माध्यम से देवपुर क्षेत्र में ईको-पर्यटन गतिविधियों को सशक्त करने, ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने एवं रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।इस पहल से स्थानीय समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ इको-पर्यटन गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी।

इसी क्रम में बारनवापारा अभ्यारण्य के पर्यटन ग्राम में नव निर्मित रिसेप्शन भवन का भी शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी एवं जैव विविधता) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक श्री अरुण कुमार पांडे की उपस्थिति में किया गया। यह नया रिसेप्शन परिसर बारनवापारा की विशिष्ट पहचान, समृद्ध जैव विविधता एवं प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित करने की दृष्टि से विकसित किया गया है। परिसर में स्थानीय वनस्पतियों, वन्यजीवों एवं पर्यटन संभावनाओं को समाहित करते हुए एक आकर्षक एवं उपयोगी स्वागत केंद्र का निर्माण किया गया है, जिससे आगंतुकों को अभ्यारण्य की पारिस्थितिक विशेषताओं की समग्र जानकारी प्राप्त हो सके।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक'श्री अरुण कुमार पांडे ने कहा कि इको-पर्यटन आधारित ऐसे प्रयास न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान वनमण्डलाधिकारी श्री धम्मशील गणवीर, महिला स्व सहायता समूह देवपुर, नेचर कैंप इको-पर्यटन संचालन समिति के सदस्य, वन प्रबंधन समिति देवपुर के अध्यक्ष एवं सदस्य, बारनवापारा अभ्यारण्य के अधिकारीगण, परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर सहित समस्त अधीनस्थ अधिकारी एवं वनकर्मी उपस्थित रहे।

## भूपेन ने वही किया जो हिमंता ने किया था

असम में कांग्रेस के इतिहास में फिर वही होने वाला है जो एक बार हो गया है।फिर भूपेन वही करने वाले हैं जो हिमंता शरमा कर चुके हैं। यानी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने का फैसला। इससे साफ हो जाता है कि असम कांग्रेस के नेता व दिल्ली कांग्रेस के नेता एक बार हुई गलती से कोई सबक नहीं लेते हैं,वह वही गलती फिर से करते हैं जिस गलती के कारण कांग्रेस को असम में ऐसा नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई कांग्रेस आज तक नहीं कर पाई है। इसके लिए असम कांग्रेस के कई नेता जितने जिम्मेदार है, उतने ही जिम्मेदार राहुल गांधी और उनके आसपास रहने वाले नेता भी हैं।अपनी पार्टी का एक वरिष्ठ व जनाधार वाला नेता क्या चाहता है, सम्मान चाहता है। वह चाहता है कि उसे जो अधिकार दिया गया है, उस हिसाब से उसको फैसला करने दिया जाए। वह पार्टी को आगाह करे कि इससे पार्टी को नुकसान हो सकता है तो उसकी बात को गंभीरता से लिया जाए। ऐसा भी नहीं है कि हिमंता की तरह भूपेन बोरा ने आलाकमान को बताया न हो कि असम में पार्टी हित में क्या किया जाना चाहिए। पहली बार दिल्ली में हिमंता को लगा कि उनका अपमान किया गया है तो उन्होंने अपमान के कारण ही कांग्रेस छोड़ने का और भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। अब भूपेन वोरा को भी वही एहसास हो रहा है कि कांग्रेस में उनका सम्मान नहीं किया जा रहा है। राहुल गांधी से बात होने के बाद भी भूपेन बोरा ने यदि कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया है तो इसका मतलब साफ है कि राहुल गांधी भी उन्हें आश्वस्त नही कर सके कि उनके साथ असम में जो कुछ अब तक हुआ है, वह आगे नहीं होगा। इसकी बड़ी वजह यह है कि राहुल गांधी को जमीनी बातों का पता नही रहता है, वह राज्य में किसी एक नेता की बात सुनते हैं और मानते हैं, वह जो कहे वही सही मानते हैं। असम में गोगोई परिवार ऐसा परिवार है जिसे गांधी परिवार अपना नजदीकी मानता है, वह मानता है कि वह जो असम के बारे में जो फैसला करेगा सही फैसला करेगा। माना जाता है कि तरुण गोगोई के कारण ही हिमंता जैसे नेता को कांग्रेस छोड़ना पड़ा था क्योंकि उनको लगा कि गोगोई के रहते कांग्रेस का भला नहीं हो सकता और उनका भी भला नही हो सकता। अब माना जा रहा है कि गोगोई से कई मामलो में मतभेद के चलते भूपेन बोरा को भी यही एहसास हुआ कि गोगोई के रहते असम में कांग्रेस का भला नहीं हो सकता और उनका भी भला नहीं हो सकता इसलिए भूपेन ने हिमंता के जरिए भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है।हिमंता जानते हैं असम की राजनीति में उनके लिए भूपेन बोरा कितने उपयोगी हैं। वह जानते है कि भूपेन बोरा के भाजपा में शामिल होने से भाजपा तो जमीनी स्तर पर मजबूत होगी और कांग्रेस जमीनी स्तर कमजोर होगी। इसका परिणाम क्या होना है वही होना है जो हिमंता के भाजपा में शामिल होने से हुआ था,कांग्रेस की हार और हर चुनाव मे हार। क्योंकि भूपेन के भाजपा मे शामिल होने का मतलब है कि और भी अच्छे कांग्रेस नेताओं के लिए द्वार खुल जाएंगे यानी चुनाव के पहले और भी कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो सकते है। कौन नहीं जानता है कि असम में कांग्रेस की तुलना में भाजपा कमजोर राजनीतिक पार्टी थी। वह वहां चुनाव जीतकर सरकार बना नहीं सकती थी। कांग्रेस के एक नेता के भाजपा में जाने से कांग्रेस असम में इतनी कमजोर हो गई कि वह एक नहीं दो चुनाव लगातार हार गई है और माना जा रहा है कि इस चुनाव के पहले भूपेन बोरा कांग्रेस छोड़ने से कांग्रेस असम में और कमजोर होने वाली है और तीसरी बार चुनाव हारने वाली हैं। राहुल गांधी की तुलना में हिमंता सरमा ज्यादा अच्छे से जानते हैं कि कांग्रेस को कैसे कमजोर कर असम में चुनाव जीता जा सकता है। वह यही कर रहे है और राहुल गांधी अपने वफादार नेता परिवार की परवाह जमीन से जुड़े नेताओं की तुलना ज्यादा करके चुनाव हार रहे हैं। देश में भी हार रहे हैं और राज्यों में भी हार रहे हैं। असम की राजनीति में भूपेन बोरा का क्या महत्व है, यह हिमंता सरमा जानते हैं क्योंकि वह भी बरसों कांग्रेस में रहे हैं। यह वजह है कि भूपेश बोरा के इस्तीफा देने के बाद खुद सीएम होने के बाद भी हिमंता सरमा बोरा से मिलने गए उनके घर गए।उनको वह सम्मान दिया जो सम्मान वह कांग्रेस नेताओं से चाहते थे। कांग्रेस नेताओं ने उनको रोकने की कोशिश की लेकिन वह समझ गए कि अमस में गोगोई परिवार के रहते उनको वह सम्मान नहीं मिल सकता क्योंकि एक राजनीतिक परिवार दूसरे राजनीतिक परिवार को ज्यादा पसंद करता है,जमीन से जुड़े नेताओं की तुलना में। भाजपा में जमीन से जुड़े हिमंता सरमा को कुछ समय बाद वह सम्मान मिला जो कांग्रेस ने नहीं दिया इसलिए भूपेन आश्वस्त रह सकते हैं कि भाजपा में उनको वह सममान मिलेगा जो कांग्रेस में नहीं मिला।

**विश्लेषण**

# कुछ और है तीन बच्चियों की मौत की हकीकत ?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

बीती चार फरवरी को गाजियाबाद में तीन नाबालिग बहनों निशिका 16, प्राची 14, और पाखी 12 वर्ष की मौत की वारदात के पीछे की सच्चाई सामने नही आई है । इन तीनों ने



भारत सिटी सोसाइटी की 9वीं मंजिल से कूदकर कथित आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इस मामले को आत्महत्या ही माना जा रहा है, लेकिन लड़की के पिता से जुड़े हैरान करने वाले खुलासे हो रहे हैं और उसका स्वयं का चरित्र विश्वसनीयता से परे है।

आपको पता है कि बताया गया कि तीनों बच्चियां कोरियन गेम्स और ऑनलाइन कंटेंट की गंभीर लत में फंस चुकी थीं। परिवार द्वारा उन्हें इन गतिविधियों से दूर करने की कोशिश की गई, जिससे वे मानसिक रूप से टूट गईं और कथित तौर पर नौवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट से कूदकर अपनी जान दे दी। अब वहीं, दूसरी थ्योरी भी निकलकर सामने आ रही है। अब कहा जा रहा है कि मरने वाले बच्चियों के पिता आर्थिक तंगी से परेशान था। बिजली का बिल भरना था उसके लिए पैसे नहीं थे इसलिए उन्होंने बेटियों का फोन बेंच दिया, जिसके बाद से परिवार में महौल बिगड़ गया। इसके पहले लड़कियों के पिता चेतन ने ही बयान दिया था कि तीनों लड़कियां कोरियन गेम खेल रही थीं, जिसमें लास्ट टास्क पूरा करना था और उसके लिए उन्होंने छत से कूदकर अपनी जान दे दीं। अब पुलिस को इन गोलमटोल बयानों से संदेह और गहरा हो गया है। तीन बहनों के सुसाइड मामले के पार्श्व में कुछ असहज हकीकत छिपी हैं। पुलिस जितनी गहराई से जांच कर रही है, मामला उतना ही उलझता जा रहा है। अब तक यह जानकारी सामने आई थी कि मृत बच्चियों के पिता की तीन शादियां हुई थीं और उनके पांच बच्चे थे, लेकिन अब नए तथ्य सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिता के एक चौथी महिला से भी संबंध थे, जिसकी मौत भी छत से गिरने के कारण हुई थी। इतना ही नहीं, उस महिला की मौत के बाद उसके ही एक रिश्तेदार के साथ संबंध बने, जिससे वह गर्भवती हो गई। यह सारी बातें बच्चियों के पिता चेतन ने पूछताछ के दौरान कबूल की हैं। पुलिस पूछताछ में जब मृत बच्चियों के पिता चेतन से उसकी शादियों और लिव-इन पार्टनर की मौत को लेकर सवाल किए गए, तो उसने तीन शादियां करने और एक महिला की मौत की बात स्वीकार की। चेतन ने बताया कि उसकी पहली पत्नी सुजाता है, लेकिन दोनों की कोई संतान नहीं हुई। इसके बाद सुजाता की सहमति से उसने अपनी सगी साली हिना से शादी कर ली। आगे चलकर चेतन का सीलमपुर में ससुराल के पड़ोस में रहने वाली तब्बू से संबंध बन गया और करीब नौ साल पहले वह उसे राजेंद्रनगर स्थित फ्लैट में साथ रहने के लिए ले आया। इसके बाद घर में लगातार विवाद होने लगे। वर्ष 2018 में तब्बू की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी। चेतन ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार करते हुए कहा कि घटना के वक्त वह घर पर मौजूद नहीं था और पुलिस जांच में उसे पहले ही क्लीन चिट मिल चुकी है।

आपको बता दें कि तीन नाबालिग बहनों द्वारा बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या की गुत्थी उलझती जा रही है. एक पिता, दो मां और कुल पांच भाई बहन होने के चलते उलझे हुए रिश्ते और कोरियन गेम की लत वाली थ्योरी को लेकर बारीकी से जांच जारी है. महज 12, 14 और 16 साल की नाबालिग लड़कियों के पिता ने साफ साफ कहा कि उनकी बेटियों को कोरिया जाना था. परिवार के मुताबिक, तीनों बहनें कोई कोरियन गेम खेलने की आदि थीं. ये ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेला करती थीं. तीनों लड़कियों की आदत इस तरह हो चुकी थी कि वे नहाने, खाने, स्कूल जाने और सोने जैसे रोजमर्रा के सभी काम एक साथ किया करती थीं. इसी तरह तीनों ने एक साथ इमारत से कूदकर आत्महत्या की. इस घटना से परिवार सदमे में है. हालांकि, सच क्या है ये सवाल अभी भी सवाल ही है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस जांच में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि तीनों बहनों ने अपना एक यूट्यूब चैनल शुरू किया था. इस चैनल पर वे कोरियन कल्चर, कोरियन ड्रामा, म्यूजिक और वहां के रहन-सहन से जुड़े वीडियो अपलोड करती थीं. यह चैनल काफी पॉपुलर हो चुका था और इसके लगभग 2000 से ज्यादा सब्सक्राइबर्स थे. जब पिता को इस चैनल और बेटियों की कोरियन कल्चर के प्रति बढ़ती दीवानगी का पता चला, तो उन्होंने वह यूट्यूब चैनल डिलीट करवा दिया. पिता का यह कदम बेटियों को रास नहीं आया और वे उनसे नाराज रहने लगीं. बेटियों को लगा कि उनकी 'डिजिटल पहचान' छीन ली गई है.पिता ने कैमरे पर आए बिना बताया कि बच्चों ने कोरियन पर्सनैलिटी बनाई थी और अपना नाम बदल दिया था ये सच है. लॉस था मेरा 20-30 लाख का, लेकिन ये वजह खुदकुशी की नहीं हो सकती है. वे बोलते थे हम कोरिया जाएंगे, कोरिया ले चलो, इंडियन के नाम से गुस्सा आ जाता था, बच्चे तो इंडिया के नाम पर खाना तक नहीं खाते थे. उन्होंने कहा- हम चाहते हैं कोरियन ड्रामा, वीडियो जो भी चल रहे हैं जिनसे बच्चे एडिक्ट हो रहे हैं वे सभी बन्द होने चाहिए. बच्चे ऐसी चीजें तीन चार साल से देख रहे थे. वो कहते थे कि कोरिया नहीं गए तो मर जाएंगे.घर की छानबीन में पुलिस को पता चला कि लड़कियों ने अपना कमरा पूरी तरह कोरियन स्टाइल में सजा रखा था. वे अपनी सबसे छोटी बहन को 'देवु' और अन्य को 'लीनो' व 'कुइना' जैसे कोरियन नामों से बुलाती थीं. चौंकाने वाली बात यह है कि जिन बच्चों से उन्हें चिढ़ थी, उन्हें वे 'बॉलीवुड नाम' देकर संबोधित करती थीं. वे कोरिया की रीति-रिवाजों के अनुसार ही प्रभावित करना चाहती थीं और पूरी तरह उसी संस्कृति में ढल चुकी थीं.

इन तीनों मासूमों की मौत के पीछे जिस तरह कोरियन गेम और मोबाइल इंटरनेट से प्रभावित हो रही किशोरावस्था को जोडने की कोशिश की जा रही है वह अधूरा सच मालूम पड़ती है। दरअसल एक रियल स्टेट कारोबारी द्वारा तीन तीन शादी करना और इसके बावजूद लिवइन रिलेशन बनाना और एक लिव-इन पार्टनर की संदिग्ध परिस्थितियों में इसी तरह फ्लोर से कूदकर सुसाइड करना तीनों अभागी बच्चियों के पिता के एक ऐसे चरित्र को उद्घाटित कर रहा है जो बेहद अय्याश किस्म का मालूम पड़ता है। तीनों बच्चियों का कई साल से स्कूल नही जाना यह बताता है कि यह व्यक्ति पारिवारिक जिम्मेदारी का निर्वाह न कर अपनी अय्याशी और मस्ती में तल्लीन था। कल्पना कीजिए यदि किशोरावस्था की तीन बच्चियों को नवीं मंजिल के फ्लोर पर समाज से दूर रखा जाए और स्कूली शिक्षा से भी दूर रखा जाए तो वह अपनी एकांत व अकेलेपन को दूर करने के लिए मोबाइल इंटरनेट को ही सहारा बनाने के लिए मजबूर हो सकती है ऐसे हालात पैदा करने के लिए यह पिता स्वयं जिम्मेदार है जिसने मोबाइल से अपने एकांत को काट रही लड़कियों का मोबाइल भी छीन लिया और उसे बेच दिया। ऐसा कर एक पिता ने खुद बच्चियों को अवसाद में धकेलने का काम किया। इस मामले की सीबीआई जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी साफ किया जाना चाहिए। यह सारा प्रकरण एक गैर जिम्मेदार अय्याश और शेयर ट्रेडिंग से बिना मेहनत पैसे कमाने के लालच में अपना धन गंवाने वाले गैर जिम्मेदार परिवार के मुखिया की लापरवाही भरी निर्लज्जता का परिणाम मालूम पडती है जिसके चलते तीन होनहार नाबालिग बच्चियों को असमय मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर कर दिया।

## राशिफल

मेष राशि :आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पडऩे से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बडों से नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामले में आपको घर के बडों से अच्छी सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

मिथुन राशि : आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको ख़ुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कहीं निवेश न करें। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बडों की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज पारिवारिक अनबन समाप्त होने से घर में सौहार्द का वातावरण रहेगा। भाई-बहन के साथ घर पर मूवी देखने का प्लान बनायेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए। सेहत के लिहाज से आज आप तंदुरुस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी । धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे। आज किसी से बातचीत करते समय आपको थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। ऑफिस में पदोन्नति के साथ-साथ इन्क्रीमेंट मिलने से आप काफी उत्साहित होंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी । आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक कार्य की योजना बनायेंगे।

## सू- दोकू क्र.326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.325 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -326

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 325 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

**चर्चित मुद्दा**

# एप्सटीन फाइल्स : यही है शक्तिशाली पुरुष 'भेड़ियों ' की हक़ीक़त

**निर्मल रानी**

इनदिनों एप्सटीन फ़ाइल्स का भूत अमेरिका से लेकर भारत तक सड़कों पर नाच रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के क़ानून के अन्तर्गत और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर हस्ताक्षर के बाद



ही अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा यह फ़ाइल्स जारी की गई हैं। इस आदेश के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को एपस्टीन से जुड़े सभी अनक्लासिफ़ाइड रिकॉर्ड्स, दस्तावेज़, कम्युनिकेशन्स और जांच सामग्री सार्वजनिक करने का निर्देश प्राप्त है। हालाँकि यह क़ानून 2025 में कांग्रेस के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) से लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ था, और राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 नवंबर 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसी क़ानून के तहत अमेरिकी न्याय विभाग ने समय-समय पर फ़ाइल्स जारी की। परन्तु इन फ़ाइल्स का बड़ा हिस्सा गत 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें 3.5 मिलियन से ज़्यादा पृष्ठ , 2,000 से अधिक वीडियो और लगभग 1,80,000 फ़ोटो शामिल थे। एप्सटीन फ़ाइल्स के इसी ख़ुलासे के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। दुनिया के जाने माने लोगों के चेहरे से नक़ाब हटने लगी। इन फ़ाइल्स के सार्वजनिक होने के बाद एप्सटीन के यौन अपराधों, ट्रैफ़िकिंग नेटवर्क और शक्तिशाली व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों की गहराई उजागर हुई।

ग़ौरतलब है कि जेफ़री एप्सटीन, एक अमीर फ़ाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी है। इसने अनेक नाबालिग़ लड़कियों और युवा महिलाओं का शोषण किया, और इन फ़ाइल्स में राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक हस्तियों के कई नाम सामने आए। इन ख़ुलासों के बाद कई प्रमुख व्यक्तियों का भविष्य व जीवन प्रभावित हुआ। कई लोगों को इस्तीफ़े देने पड़े तो कई के विरुद्ध जांच बिठाई गयी। आपना नाम आने पर कई लोग शर्मिंदगी से जहाँ मुंह छुपाते घूम रहे हैं यहाँ तक कि इस नेटवर्क में नाम आने के बाद कई लोग भूमिगत हो चुके हैं और मीडिया से मुंह छुपाते फिर रहे हैं। वहीं भारत में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी जैसे 'विशिष्ट ' भी हैं जो एप्सटीन फ़ाइल्स के ख़ुलासे के अनुसार तो जेफ़री एपस्टीन से 14 बार मिले परन्तु वे स्वयं एपस्टीन से 8 सालों में केवल 3-4 बार की मुलाक़ात को ही स्वीकार करते हैं। इसके बावजूद वह इस सवाल से बच नहीं पा रहे कि 13 -14 बार या 3-4 बार नहीं बल्कि यदि एक सज़ायाफ़्ता बदनाम यौन अपराधी से हरदीप पुरी एक बार भी मिले तो उस मुलाक़ात की वजह क्या थी ? जो व्यक्ति ख़ुद स्वीकार कर चुका है कि वह कम उम्र की बच्चियों से सैक्स करने का आदी था ऐसे 'भेड़िया मानसिकता ' वाले व्यक्ति से मुलाक़ात क्यों की गयी ? किसके कहने पर या किसके लिये की गयी ? बहरहाल उम्मीद की जा रही है कि अभी दुनिया के और भी अनेकानेक 'सफ़ेदपोश भेड़ियों ' के नाम सामने आएंगे और इस्तीफ़ों की भी झड़ी लग सकती है।

दुनिया में आये दिन घटित होने वाली तमाम घटनाएं ऐसी हैं जो पितृ सत्ता या पुरुष प्रधान समाज का बार बार एहसास कराती हैं। परन्तु इस घटना में तो जेफ़री एप्सटीन पर 2019 में न्यूयॉर्क में संघीय अदालत ने उसपर सेक्स ट्रैफ़िकिंग ऑफ़ माइनर्स के आरोप लगाए, जिसमें दर्जनों नाबालिग़ लड़कियों यहाँ तक कि 14 साल से भी कम उम्र की कुछ बच्चियों का यौन शोषण शामिल था। यह उसकी स्वीकारोक्ति थी कि उसने नाबालिग़ लड़कियों से यौन संबंध बनाये व अवैध काम किए। इसलिये इस विश्वव्यापी नेटवर्क से पर्दा उठने के बाद अब यह सवाल भी उठने लगा है कि दुनिया के




धनाढ्य और शक्तिशाली लोगों की नज़र में महिलाओं, ख़ासकर छोटी बच्चियों का क्या स्थान है ? महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का ढोंग रचने वाला सफ़ेद पोश पुरुष प्रधान समाज जो कभी महिलाओं को आधी आबादी कहकर ख़ुश करता है तो कभी बच्चियों को 'कंजक ' व देवी के रूप में पूजता भी है उन्हीं बच्चियों को अपने पैसे व सत्ता के बल पर अपनी हवस का निशाना बनाने वाले लोग नाबालिग़ लड़कियों और युवा महिलाओं का शारीरिक शोषण भी करते हैं ? निश्चित रूप से एपस्टीन फ़ाइल्स पितृसत्ता की एक गहरी तस्वीर पेश करती हैं, जहां धनाढ्य पुरुष विश्वव्यापी नेटवर्क बनाते हैं और एक दूसरे से जानकारी साझा करते हैं और महिलाओं को परिधि पर रखते हैं। वास्तव में 'आधी आबादी ' को प्रायः सहयोगी,या यौन सुख प्रदान करने वाली के रूप में ही देखा जाता है न कि समान भागीदार के रूप में। ख़ासकर ग़रीब परिवारों की छोटी बच्चियों को तो कमज़ोर और आसानी से नियंत्रित करने योग्य माना जाता था। एप्सटीन के नेटवर्क में शामिल कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर इन लड़कियों को "उपहार" के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे व्यापारिक या राजनीतिक लाभ मिलते थे। यह दर्शाता है कि शक्तिशाली लोगों की नज़र में, महिलाएं और लड़कियां अक्सर सत्ता और प्रभाव बनाए रखने का साधन बन जाती है न कि कोई सम्मानजनक मानव। महिलाओं को केवल "प्रजनन उपकरण" के रूप में देखना भी पितृसत्ता की ही एक गहरी साज़िश है।

इसलिये एप्सटीन फ़ाइल्स से प्राप्त हो रहे ब्यौरों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि एप्सटीन जैसे मामलों में जहाँ कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा छोटी मासूम बच्चियों को मात्र अपनी यौन संतुष्टि के लिये या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सौदेबाज़ी के साधन के रूप में अथवा किसी 'विशिष्ट ' व्यक्ति को ब्लैकमेल करने की ग़रज़ से इस्तेमाल किया गया।यह एक ऐसी व्यवस्थित समस्या है जहां धन, सत्ता के बल पर और जवाबदेही की कमी से ऐसी संस्कृति पनपती है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह वैश्विक अपराध नेटवर्क का हिस्सा है, जहां महिलाओं और लड़कियों का वस्तुकरण नस्लवाद और भ्रष्टाचार से जुड़ा है। हालांकि, FBI की जांच में ट्रैफ़िकिंग रिंग के लिए पर्याप्त सबूत भले ही नहीं मिले परन्तु पीड़ितों की गवाहियां बताती हैं कि यह शोषण अत्यंत व्यापक था। ये फ़ाइल्स यह भी दिखाती है कि सत्ता के शीर्ष पर मिसोगिनी (स्त्री-द्वेष) और यौन हिंसा कैसे सामान्यीकृत हो जाती है। यह एक ऐसी विकृत पुरुष प्रधान व्यवस्था का प्रतिबिंब भी है जहां पीड़ितों को न्याय मिलना मुश्किल रहता है। एप्सटीन फ़ाइल्स ऐसे ही शक्तिशाली पुरुष 'भेड़ियों ' की हक़ीक़त को उजागर करती है।

## एक नजर

### सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों के लिए अंतिम चयन सूची जारी

**कांकेर 24 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आमंत्रित आवेदनों के संबंध में अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार केन्द्र प्रशासक, पैरालीगल, कार्मिक वकील तथा सुरक्षा गार्ड, नाइट गार्ड सहित कुल 5 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा एवं कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के अनुमोदन उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की गई। जारी चयन सूची का अवलोकन जिले की आधिकारिक वेबसाइट तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कांकेर के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने संबंधित अभ्यर्थियों से निर्धारित समयावधि में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

### जिला जनगणना अधिकारियों, कर्मचारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 24 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में संपादित किया जाना है जिसके लिए राज्य शासन द्वारा जनगणना से संबंधित नोडल अधिकारियों, कर्मचारियों को दिनांक 23 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक 02 दिवसीय प्रशिक्षण एवं दिनांक 15 मार्च 2026 को 01 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम (समय प्रातः 10:30 से सायं 05 बजे) दिए जाने के निर्देश दिए गए। इस क्रम में आज मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डंकनी सभाकक्ष में डिजिटल उपकरणों का परिचय,सीएमएमएस मॉड्यूल पर संक्षिप्त विवरण, मकान सूचीकरण ब्लॉक पर्यवेक्षी सर्कल की भू-नक्शा मकान सूचीकरण ब्लॉक पर्यवेक्षी सर्कल आवंटन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके डेटा संग्रह, स्व-गणना प्रक्रिया राज्य, जिला, चार्ज अधिकारियों द्वारा डेटा गुणवत्ता की निगरानी ग्रामीण, नगरीय, चार्ज रजिस्टरों का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण संक्षिप्त मकान सूची, मकानों की सूची का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण प्रिंटिंग एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधन जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, मोबाइल एप्लिकेशन और इसकी राज्य, जिला, चार्ज अधिकारियों डेटा, चार्ज रजिस्टरों का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण मकान सूची मकानों की सूची का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण लॉजिस्टिक्स प्रबंधन जिला जनगणना हस्तपुस्तिका मोबाइल एप्लिकेशन और इसकी प्रक्रिया स्व-गणना डेटा को प्रगणक द्वारा फील्ड में सत्यापन के संबंध में नोडल अधिकारियों को विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर उपस्थित कलेक्टर श्री देवेष कुमार ध्रुव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चूंकि इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम में संपादित की जावेगी। अतः इसे देखते हुए सभी नोडल इससे संबंधित सभी प्रावधानों नियम का भली भांति जानकारी लें। और इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मास्टर ट्रेनर को अवगत कराते हुए समाधान प्राप्त करें। चूंकि जनगणना कार्यक्रम में भागीदारी राष्ट्रीय कर्तव्य है। अतः हमें यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि प्रगणक स्तर से लेकर सभी जिला एवं चार्ज अधिकारी परस्पर समन्वय और उत्तरदायित्व से अपनी भूमिका निभाएं।

### जिले के पर्यटन स्थलों को सर्वसुविधायुक्त बनाने की जिला प्रशासन ने की पहल

**दंतेवाड़ा, 24 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दक्षिण बस्तर अपनी अद्वितीय प्राकृतिक छटा, सांस्कृतिक समृद्धि और ऐतिहासिक विरासत के लिए विशेष पहचान रखता है। घने वनों, सुरम्य पहाड़ियों, झरनों और शांत वातावरण से आच्छादित दंतेवाड़ा जिला पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरपूर है। यहां स्थित विश्वप्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर देशभर से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। इसी प्रकार ऐतिहासिक नगरी बारसूर अपने प्राचीन मंदिरों, भव्य तालाबों और अद्भुत स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है। इसे कभी 'मंदिरों की नगरी' भी कहा जाता था। यहां के पुरातात्विक अवशेष और शिल्पकला आज भी क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास की गवाही देते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहर का अनूठा संगम दंतेवाड़ा को पर्यटन के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्रदान करता है।

# फागुन मेला का आज तीसरा दिन, रात्रि में होगा नाच मांडनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 24 फरवरी।** फागुन मंडई वर्ष 2026 की शुरूआत 22 फरवरी कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हो चुकी है। मडई में शामिल होने दूर दराज क्षेत्रों से सेवादार एवं पुजारी अपने अपने देव लाठों को लेकर दंतेवाड़ा पहुंचने लगे हैं। धीरे धीरे मेला की रौनक भी बढ़ रही है। कलश स्थापना के बाद से परंपरानुसार प्रतिदिन संध्या पहर में मां दंतेश्वरी देवी की डोली एवं छत्र को मंदिर से निकाला जा जा रहा है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर सबसे पहले पालकी को जवानों द्वारा हर्ष फायर कर डोली को सलामी दी जाती है जिसके बाद सैकडों लोगों की उपस्थिति में नाचते गाते, झुमते भक्त माता की डोली को नारायण मंदिर तक ले जाते हैं जहां फिर से डोली को सलामी दी जाती है। नारायण मंदिर परिसर में डोली को कुछ देर रखा







जाता है जिसके पश्चात पालकी को उसी क्रम में वापस मंदिर में पहुंचा दिया जाता है। यह क्रम पूरे 10 दिनों तक चलता है। आज शाम 5 बजे माता की तीसरी पालकी निकाली जाएगी। तीसरे दिवस पर आज पालकी में नाच माडनी की रस्म अदा की जाएगी। पालकी के नारायण मंदिर पहुंचने पर सलामी एवं स्वागत पश्चात् नाच माडनी की रस्म अदायगी होगी। जिसमें गमान नाचा का आयोजन भी होगा। आज देर रात तक अंचल के आदिवासी ग्रामीणों द्वारा नाच मांडनी अर्थात नाट कला कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा जिसे देखने सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण देर रात तक जागेंगे।

**लापरवाह नगर प्रशासन की वजह से**

# बस स्टेंड में पानी, शौचालय एवं बैठने की सुविधा नहीं, यात्रीगण परेशान





- **एक साल से निर्माणाधीन है शौचालय, महिलाओं और बुज़ुर्गों को हो रही भारी परेशानी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 24 फरवरी।** प्रदेश का पहला ऐसा जिला मुख्यालय होगा दंतेवाड़ा जहां बस स्टेंड में यात्रियों को शौचालय, पानी एवं छांव जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही। शौचालय नहीं होने से महिलाए एवं बुजुर्ग खासतौर पर परेशान हैं। बस स्टेंड की हालत किसी सराय डेरा से भी बदतर हो चुकी है। पूरे बस स्टेंड परिसर को व्यवसायिक काम्पलेक्स में तब्दील कर दिया गया है। लापरवाह नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता एवं घोर लापरवाही का ही नजीता है कि आज यहां मां दंतेश्वरी देवी के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को बस स्टेंड में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि कभी बस्तर महाराजा प्रवीर चंद्र भजदेव के नाम से जाना पहचाना जाने वाला दंतेवाड़ा का बस स्टेंड आज पुरी तरह से अव्यवस्थित एवं बदहाल हो चुका है। बस स्टेंड की दीवार पर जहां कभी बस्तर महाराजा का नाम लिखा हुआ बोर्ड चमचमाताा रहता था उन दीवारों पर आज जगह जगह होटल, ट्रेवल एजेंसी एवं दुकानों के नाम का बोर्ड टंगा नजर आता है। बस स्टेंड परिसर में जहां कभी यात्री आराम से बैठकर बसों का इंतजार किया करते थे उन स्थानों पर आज होटल, दुकानों/एवं ट्रेवल एजेंसी वालों की दुकानें नजर आती है। आलम यह कि बस स्टेंड में आज यात्रियों को न बैठने एवं छांव की ठीक ठाक व्यवस्था है ना ही पीने के लिए साफ पानी ही यहां कहीं उपलब्ध है। बाहर से आने वाले यात्री बसों से उतरकर सबसे पहले मूत्रालय की तलाश करते हैं तो उन्हें आसपास कहीं शौचालय नजर ही नहीं आता जबकि हर जगह बस स्टेंड में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा आवश्यक रूप से होता है। पुराने जर्जर शौचालय को तोड़कर नया शौचालय बनाया तो जा रहा है मगर 12 माह से भी उपर गुजर चुका है अब तलक निर्माणाधीन शौचालय की छत ढलाई भी नहीं हो पाई है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस सुस्त चाल से यहां शौचालय का निर्माण हो रहा है। नगर पालिका की अकर्मण्यता एवं लापरवाह क्रियाकलाप का ही नतीजा है कि बस स्टेंड में एक शौचालय बनाने में एक साल से भी ज्यादा का वक्त लग रहा है। वैकिल्पक व्यवस्था के तहत मस्जिद के सामने स्थित खाली भवन को मूत्रालय की व्यवस्था की गई है मगर यहां तक पहुंचने के लिए अथवा यात्रियों को पता चले कि काम्पलेक्स के पीछे स्थित भवन में मूत्रालय है इस संबंध में कहीं कोई संकेतक बोर्ड तक नहीं टांगा गया है जिससे यात्रियों को मालुम ही नहीं चल पाता की यहां कहीं मूत्रालय की व्यवस्था भी है। यह स्थिति नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही को प्रदर्शित करता है। कछुआ गति से बनाए जा रहे शौचालय निर्माण पर विपक्षी पार्टी कांग्रेस पार्टी भी आक्रोशित है। कांग्रेस पार्टी इस मुदद‌े को लेकर पालिका को घेरने की तैयारी भी कर रही है। ईधर यात्रियों को शौचालय न होने से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रिगणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों ने कई बार नगर पालिका में शिकायत भी की है मगर कोई समाधान नहीं ढुंढा जा रहा। शिकायत पर भी नगर पालिका की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

## जिले में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत संकेतकों के संतृप्ति के लिए गतिविधियां जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 24 फरवरी।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा प्रारंभ किए गए संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले में निर्धारित संकेतकों की संतृप्ति हेतु विभागों द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान की शुरुआत के बाद तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार सभी विभाग नियमित रूप से गतिविधियाँ संचालित कर रहे हैं। इसके तहत समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री हरेश मण्डावी के मार्गदर्शन में प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, पशुपालन सहित सभी संबंधित विभागों द्वारा संकेतकों की पूर्ति हेतु कार्यों की निगरानी की जा रही है। बैठक के दौरान अभियान को जनभागीदारी के साथ से आगे बढ़ाने, प्रत्येक ग्राम तक शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा मैदानी स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करने पर विशेष जोर दिया गया। विभाग द्वारा यह विश्वास व्यक्त किया गया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से लक्ष्य समय सीमा के भीतर अवश्य प्राप्त किया जाएगा। अभियान संकेतक में आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का नियमित पोषण एवं वजन मापन, आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय एवं पेयजल सुविधा की उपलब्धता, विद्यालयों में बालिकाओं हेतु पर्याप्त शौचालय सुविधा, पशुओं का टीकाकरण, जन्म के समय शिशुओं का वजन दर्ज करना एवं टीबी केस नोटिफिकेशन दर में सुधार करना है। इसके अलावा जनसहभागिता अंतर्गत विभागों द्वारा ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं ताकि समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 24 फरवरी।** कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली चयन परीक्षा-2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। चयन परीक्षा का आयोजन आगामी रविवार 01 मार्च को प्रातः 10 से 12 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न विकासखंडों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड कांकेर अंतर्गत पं. विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुर, कांकेर तथा पीएम श्री शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया गया है। इसी प्रकार नरहरपुर विकासखंड में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुरही और पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर, चारामा विकासखंड अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, भानुप्रतापपुर विकासखंड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय फरसकोट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर, दुर्गूकोंदल विकासखंड में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भण्डारडिगी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल निर्धारित है। अंतागढ़ विकासखंड में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा विकासखंड में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयलीबेड़ा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पखांजूर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 3572 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 3553 आवेदन पत्र पात्र पाए गए जबकि 19 आवेदन अपात्र घोषित किए गए। परीक्षार्थी विभागीय वेबसाइट पर आवेदन क्रमांक एवं विद्यार्थी के पिता के मोबाइल नंबर दर्ज कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## फरसपाल मेट्रिक कन्या छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं की कमी



- **परीक्षा के समय छात्राएं पानी के लिए परेशान, फरसपाल छात्रावास की व्यवस्था पर सवाल**
- **मीनू गायब,पानी बंद और शिकायत पर धमकी—फरसपाल छात्रावास की चौंकाने वाली सच्चाई**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 24 फरवरी।** जिले के फरसपाल पंचायत स्थित प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने खुलकर अपनी समस्याएं बताई, जिससे छात्रावास की व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।सबसे चिंताजनक बात यह रही कि इस समय बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही हैं, लेकिन छात्रावास में पिछले दो दिनों से पानी की आपूर्ति बंद है। छात्राओं ने बताया कि उन्हें बाहर से पानी लाकर काम चलाना पड़ रहा है। परीक्षा की तैयारी के महत्वपूर्ण समय में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव छात्राओं की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। भोजन व्यवस्था को लेकर भी छात्राओं में असंतोष है। उनका कहना है कि शासन द्वारा निर्धारित मीनू का पालन नहीं किया जाता। प्रतिदिन लगभग एक ही प्रकार की सब्जी परोसी जाती है,जो केवल उबली हुई होती है और उसमें तेल-मसाले का भी अभाव रहता है। पोषणयुक्त भोजन के अभाव में छात्राओं के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। यदि कोई छात्रा स्वयं कुछ बनाने की बात करती है तो अधीक्षिका द्वारा 50 रुपए शुल्क लेने की बात कही जाती है, जो नियमों के विपरीत है। छात्राओं ने आरोप लगाया है कि नहाने के लिए साबुन जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जाती। शिकायत करने पर अधीक्षिका द्वारा उल्टा उन्हें डांट-फटकार और धमकाया जाता है,जिससे छात्राएं मानसिक दबाव में रहकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि छात्रावास की अधीक्षिका के खिलाफ कई बार सहायक आयुक्त को शिकायत दी जा चुकी है,लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्राओं के नाम पर मिलने वाली सरकारी राशि का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है,जिसके कारण व्यवस्थाएं बदहाल हैं।सुलोचना कर्मा ने यह भी बताया कि प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास के साथ-साथ 100 सीटर आश्रम शाला फ़रसपाल की भी प्रभारी हैं। दोनों संस्थानों में व्यवस्था लगभग शून्य है। उनका कहना है कि अधीक्षिका दिन में केवल एक बार छात्रावास पहुंचती हैं और महज दस मिनट में वापस चली जाती हैं, जिससे संचालन और निगरानी की गंभीर कमी साफ दिखाई देती है। जिला पंचायत सदस्य ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने और छात्रावास में तत्काल पानी, भोजन व अन्य मूलभूत सुविधाएं बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी अंचल की बेटियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अन्तर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के वेंटर्नस विनर रहे संबलपुर तो सीनियर में बिलासपुर ने मारी बाजी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 24 फरवरी।** कुरूद में आयोजित 1 दिवसीय अन्तर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 56 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में ओड़िशा के कालाहांडी, बलांगीर, भवानीपटनपम, सम्बलपुर और छत्तीसगढ़ के रायगढ़, खैरागढ़, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, रायपुर, दुर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ खिलाड़ी रविकांत चंद्राकर ने कहा कि आयोजन ने खेल के प्रति उत्साह और प्रतिभा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेताओं को बधाई और सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।विजेताओं की सूची- वेटरन्स श्रेणीः - प्रथम स्थानः मोहम्मद अकबर और सौरभ (संबलपुर)- द्वितीय स्थानः रवि और मुकेश (धमतरी) सीनियर श्रेणी:प्रथम स्थानः जय और शिशिर (बिलासपुर - द्वितीय स्थानः राज एंड पार्टनर (जगदलपुर) रहे । टूर्नामेंट के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देवव्रत साहू (नपा उपाध्यक्ष, कुरूद) उपस्थित थे। अध्यक्षता हितेंद्र केला (अध्यक्ष, राइस मिल एसोसिएशन) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीष साहू (सभापति, नपा कुरूद),अरुण केला जी, राजू शर्मा जी योगेश चंद्राकर, योगेंद्र सिन्हा, कमलेश गांधी और सुरेश वरध्यानी उपस्थित थे।कार्यक्रम बैडमिंटन बॉयस क्लब कुरूद के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसमें क्लब के सदस्य रविकांत चंद्राकर, दिनेश केला, हरीश केला, अवनीश तिवारी, होमन साहू, थनेन्द्र साहू, प्रसन्ना नायडू, अभिषेक सिंह, कमलेश दीवान, राहुल बागे, सचिन बागे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बादल में**

# उठाव न होने से खुले में पड़े धान को नुकसान होने की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर 24 फरवरी।** कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बादल में धान उठाव नहीं होने से किसानों और समिति प्रबंधन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम की अनिश्चितता और प्रशासनिक सुस्ती के कारण खरीदा गया धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है, जिससे खराब होने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार समिति द्वारा अब तक लगभग 44,000 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक मात्र 960 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। यानी खरीदी गई कुल उपज का बहुत ही छोटा हिस्सा ही परिवहन हो सका है। बाकी धान खुले में पड़ा हुआ है, जो बारिश, नमी और अन्य प्राकृतिक कारणों से नुकसान की आशंका में है। स्थानीय किसानों का कहना है कि उन्होंने शासन की व्यवस्था पर भरोसा कर अपनी फसल समिति में बेची, लेकिन समय पर उठाव नहीं होने से अब चिंता सता रही है। कई किसानों ने बताया कि अगर अचानक बारिश हो जाती है तो धान की गुणवत्ता प्रभावित होगी, जिसका सीधा असर उनकी मेहनत और आमदनी पर पड़ेगा।

समिति प्रबंधन का कहना है कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान उठाव के लिए कई बार अवगत कराया है, लेकिन अब तक पर्याप्त परिवहन व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई है। गोदाम में जगह की कमी और परिवहन साधनों की अनुपलब्धता को भी देरी का एक बड़ा कारण बताया जा रहा है।

मौसम विभाग द्वारा समय-समय पर बदलते मौसम के संकेत दिए जा रहे हैं, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर बनती जा रही है। खुले में रखे धान को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था की गई है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। यदि जल्द उठाव नहीं हुआ तो बड़ी मात्रा में धान खराब होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि धान उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और परिवहन की समुचित व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी तो की जा रही है, लेकिन समय पर उठाव नहीं होने से पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नगर निगम क्षेत्र के निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने औचक निरीक्षण कर कहा

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, तय समय में करें पूर्ण

- इतवारी बाजार ऑक्सीजोन को 10 दिन में पूरा करने के लिए निर्देश
- एसईसीएल साइड में प्रस्तावित मरीन ड्राइव और निर्माणाधीन स्टॉप डैम का भी लिया जायजा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 25 फरवरी।** शहर के सर्वांगीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज नगर निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और समय-सीमा की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रायगढ़ के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि समय पर, गुणवत्तापूर्ण और जनहितकारी निर्माण हो ताकि रायगढ़ एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में नई पहचान बना सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हों।

कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 1 स्थित दूध डेयरी क्षेत्र में निर्माणाधीन ऑक्सीजोन का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी आठ महीनों के भीतर ऑक्सीजोन और प्लेग्राउंड का निर्माण पूर्ण कर नागरिकों को समर्पित किया जाए। इसके बाद कलेक्टर ने इतवारी बाजार क्षेत्र में निर्माणाधीन ऑक्सीजोन का निरीक्षण किया और आगामी दस दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने की सख्त समय-सीमा तय की। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास नहीं, बल्कि शहरवासियों को स्वच्छ हवा, स्वास्थ्यवर्धक वातावरण और बच्चों के लिए सुरक्षित खेल परिसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

कलेक्टर ने शहर की जीवनरेखा केलो रिवर के पुनरुद्धार के तहत बनाए जा रहे मरीन ड्राइव का भी गहन निरीक्षण किया। न्यू शनि मंदिर से कायाघाट तक निर्माणाधीन हिस्से की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य सड़क और मरीन ड्राइव का कार्य आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए 30 जून से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसईसीएल साइड में प्रस्तावित मरीन ड्राइव और निर्माणाधीन स्टॉप डैम का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### योजना के तहत कमार परिवारों को होगा पक्का आवास उपलब्ध

**धमतरी, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि-कमार परिवारों के जीवन स्तर को उचा उठाने और समाज के मुख्य धरा से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम-जनमन योजना शुरू की गयी, इसमें आवास योजना के तहत कमार परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध करना है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले में कुल 1531 कमार परिवार का सर्वे किया गया जिसमे ग्राम सभा अनमोदन उपरांत 1481 परिवार पात्र पाए गए, जिसमे से 45 परिवार विभिन्न कारणों से लक्ष्य समर्पण किया गया, 05 परिवार तकनीकी कारणों से पंजीयन एवं स्वीकृति हेतु शेष है। जिससे निराकरण हेतु राज्य कार्यलय भेजा गया है। शेष समस्त 1481 परिवारों को जिले से स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ है, जिसमे से 1142 निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### जनगणना-2027 के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**महासमुंद, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनगणना 2027 के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 20 से 21 फरवरी 2026 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत महासमुन्द के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें श्रीमती रश्मिता स्वाईं सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर तथा देवांशु कुमार शाक्य सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड-02 द्वारा प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। प्रशिक्षण में श्रीमती रश्मिता स्वाईं सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर द्वारा बताया गया कि जनगणना - 2027 भारत की प्रथम पूर्णतः डिजिटल आधारित जनगणना होगी। मोबाईल एप और वेब पोर्टल सीएमएमएस (सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम) के माध्यम से डेटा संकलन का कार्य गणना खण्ड स्तर से किया जाएगा, जिससे जनगणना प्रक्रिया त्वरित, प्रभावी एवं अधिक पारदर्शी होगी। जनगणना - 2027 हेतु संपूर्ण छ.ग. के लिए प्रथम चरण में मकान सूचीकरण तथा मकानों के गणना का कार्य 01 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाना है।

### रिक्त पद पर भर्ती के लिए 2 मार्च तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**महासमुंद, 24 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास अंतर्गत विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण, महासमुन्द में सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रारंभिक बाल्यावस्था एजुकेटर के रिक्त (संविदा) पद के लिए 21 जनवरी 2026 तक डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों की पात्र एवं अपात्र सूची चयन समिति द्वारा तैयार कर ली गई है। उक्त सूची की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय के सूचना पटल पर तथा जिले की वेबसाइट 222.द्बड्ढद्दह्यड्डद्वह्वठ्ठस्र.द्दश1.द्ब्ठ्ठ पर देखी जा सकती है। इस संबंध में जिन अभ्यर्थियों को कोई आपत्ति हो, वे दिनांक 02 मार्च 2026 तक सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर, स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला महासमुन्द में अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्तियों पर चयन समिति द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# ई-ऑफिस प्रणाली से प्रशासनिक कार्यों में आएगी गति व पारदर्शिता

### फाइल मूवमेंट, नोटशीट, एचआरएमएस व स्पैरो संचालन की दी गई विस्तृत और गहन जानकारी





- कलेक्टर के निर्देशन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 24 फरवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यप्रणाली को डिजिटल माध्यम से अधिक पारदर्शी, समयबद्ध एवं दक्ष बनाना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अपूर्व टोप्पो ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली शासन की प्राथमिकता में शामिल एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता आएगी तथा फाइलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब की समस्या समाप्त होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ई-ऑफिस एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें।

संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल ने राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को गंभीरता से समझने और उनका अक्षरशः पालन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली को अपनाने से न केवल कार्यों की निगरानी आसान होगी, बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। राज्य स्तर से आए प्रशिक्षक अमितेश शुक्ला एवं विश्वास निगम ने ई-ऑफिस के संचालन की तकनीकी बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान फाइल मूवमेंट, ई-नोटशीट तैयार करना, दस्तावेजों का डिजिटल संधारण, सुरक्षा एवं गोपनीयता प्रोटोकॉल, लॉगिन प्रक्रिया, डिजिटल हस्ताक्षर तथा अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का समाधान भी विशेषज्ञों द्वारा तत्परता से किया गया।

एनआईसी के प्रोग्रामर ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य विभागीय कार्यों को पूर्णतः डिजिटल रूप से सुव्यवस्थित करना है, जिससे कागजी प्रक्रिया में कमी लाई जा सके और प्रशासनिक कार्यों में तीव्रता व पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली शासन की 'पेपरलेस ऑफिस' अवधारणा को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे प्राप्त प्रशिक्षण को गंभीरता से समझते हुए अपने-अपने कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि जिले में डिजिटल प्रशासन को नई दिशा मिल सके।

# मांगों व समस्याओं को लेकर जनदर्शन में पहुंचे आवेदक

### कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 24 फरवरी।** जिला कलेक्टोरेट में आज साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी आवेदक की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन शासन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद का माध्यम है, इसलिए प्राप्त आवेदनों पर समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनदर्शन में पेंशन, आवास योजना, राशन कार्ड, पेयजल, सड़क एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

तहसील खरसिया के ग्राम कुर्रुभांठा निवासी रामेश्वरी पटेल आर्थिक सहायता की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वे दिव्यांग हैं, जिसके कारण बाहर जाकर कार्य करना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने घर पर ही दोना-पत्तल निर्माण मशीन स्थापित कर स्वरोजगार प्रारंभ करने की इच्छा जताई तथा इसके लिए आर्थिक सहयोग की मांग की। ग्राम बसनाझर के ग्रामीणों ने गांव में चल रहे अवैध महुआ शराब के कारोबार को बंद कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कुछ लोग अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर विक्रय कर रहे हैं, जिससे गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा शराब सेवन के कारण कई लोगों की असमय मृत्यु भी हो चुकी है।

तहसील लैलूंगा के घियारमुड़ा निवासी जंगलू राम मांझी ने कब्जा कास्त की भूमि की ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने हेतु आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वे पिछले लगभग 60 वर्षों से उक्त भूमि पर कृषि कार्य कर रहे हैं। रायगढ़ के छोटे अतरमुड़ा निवासी ईश्वरी चौहान ने अभ्युदय पीएम अजय योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति रायगढ़ द्वारा उनका आवेदन भारतीय स्टेट बैंक, इतवारी बाजार शाखा में प्रेषित किया गया है, किंतु शाखा स्तर पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

रमेश अग्रवाल ने गांधी गंज स्थित सार्वजनिक पार्किंग स्थल के अवैध घेराव को हटाने हेतु आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उक्त शासकीय भूमि को पार्किंग स्थल घोषित किया गया है, किंतु एक व्यक्ति द्वारा बांस से घेराव कर अन्य लोगों को वाहन खड़ा करने से रोका जा रहा है, जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। वार्ड क्रमांक 42 के निवासियों ने क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विद्युत खंभे की स्थापना तथा आरसीसी सड़क निर्माण की मांग की। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर संबंधित एसडीएम एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### धर्मजयगढ़ ब्लाक के सुदूर वनांचल के ग्राम छाल पहुंचकर

# कलेक्टर ने पंचायत स्तर की व्यवस्था का निरीक्षण किया

- पंचायतों में मुसाफिर रजिस्टर संधारित करना ग्राम स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य, इससे सूचना तंत्र को और मजबूत बनाने का आधार मिलता है
- हर पंचायत में अनिवार्य रूप से अद्यतन होने चाहिए मुसाफिर रजिस्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 24 फरवरी।** रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने ग्राम छाल पहुंचकर पंचायत स्तर की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से कोटवार द्वारा संधारित किए जाने वाले मुसाफिर रजिस्टर का अवलोकन किया और इसे ग्राम स्तरीय प्रशासन का महत्वपूर्ण दस्तावेज बताते हुए इसकी अनिवार्यता और उपयोगिता बताया गया। उल्लेखनीय है कि समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर कोटवारों के माध्यम से संधारित होने वाले मुसाफिर, पलायन रजिस्टर को अपडेट रखने के निर्देश भी दिए गए थे।

इसी तारतम्य में कलेक्टर चतुर्वेदी ने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम छाल में इस महत्वपूर्ण रजिस्टर की जांच भी की। उन्होंने कहा कि मुसाफिर रजिस्टर केवल औपचारिक अभिलेख न रहकर ग्राम में आने-जाने वाले व्यक्तियों की जानकारी, गतिविधियों और



आपातकालीन समन्वय का आधार होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रजिस्टर में सभी आवश्यक प्रविष्टियां नियमित रूप से की जाएं तथा इसे अद्यतन स्थिति में रखा जाए।

कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में कोटवारों द्वारा मुसाफिर रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक पंजियों का अनिवार्य रूप से संधारण सुनिश्चित कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यह रजिस्टर ग्रामीण स्तर पर कानून-व्यवस्था, पलायन की निगरानी, बाहरी व्यक्तियों की जानकारी तथा आपात स्थिति में त्वरित सूचना संप्रेषण के लिए अत्यंत उपयोगी है।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि रजिस्टर में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख अधिकारियों के अद्यतन संपर्क नंबर दर्ज हों, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत समन्वय स्थापित किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम छाल के पंचायत भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने परिसर में स्थित शासकीय भवनों की स्वच्छता, अभिलेखों की सुव्यवस्था तथा लोक सेवा केंद्र एवं कॉमन सर्विस सेंटर के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन रजिस्टरों की भी समीक्षा की गई और अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान धरमजयगढ़ एसडीएम प्रवीण भगत, कृषि एसडीओ प्रभास शंकर सिंह, तहसीलदार लोमस मिरी, जनपद सीईओ एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### चर्रा में हितग्राहियों को दी गई विकसित भारत अभियान अंतर्गत रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 24 फरवरी।** जिले के कुरुद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चर्रा स्थित क्लस्टर संगठन चर्रा में स्व सहायता समूह की दीदियों के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प के तहत संचालित रोजगार गारंटी योजना एवं ग्रामीण आजीविका मिशन का शुभारंभ किया गया।

इसके पश्चात क्लस्टर संगठन की अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाएं आज गांव की आर्थिक सशक्तिकरण की रीढ़ बन चुकी है और शासन की योजनाओं का सही लाभ लेकर वे अपने परिवार और गांव दोनों को समृद्ध बना सकती हैं। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव आत्मनिर्भर बनेंगे और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। ग्रामीण आजीविका मिशन 125 दिनों की गारंटी देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। स्व सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जिससे वे छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि शासन द्वारा समय-समय पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं, जिनका लाभ उठाकर महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं।

क्लस्टर संगठन चर्रा की महिलाओं ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम से उन्हें योजनाओं की सही जानकारी मिलती है और वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं। कई महिलाओं ने बताया कि पहले उन्हें योजनाओं की प्रक्रिया समझ में नहीं आती थी लेकिन अब वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

### सफलता की कहानी: मनरेगा योजना के तहत डबरी निर्माण से किसान टीकम राम साहू की आय में बढ़ोतरी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 24 फरवरी।** प्रधानमंत्री जिले के मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत धौराभाठा (कु.) में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन को केंद्र में रखकर एक महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुआ डबरी निर्माण। यह कार्य हितग्राही टीकम राम साहू, पिता दशरथ राम के नाम से स्वीकृत हुआ। 2.51 लाख रुपये की स्वीकृत लागत से डबरी का निर्माण किया गया जिस पर कुल 2.41 लाख रुपये का व्यय हुआ।

श्री टीकम राम साहू एक साधारण कृषक परिवार से संबंध रखते हैं। वर्षा पर आधारित खेती ही उनकी आय का मुख्य स्रोत था। समय पर वर्षा न होने या कम वर्षा होने की स्थिति में फसल प्रभावित हो जाती थी। खेत में स्थायी जल स्रोत के अभाव में रबी फसल लेना कठिन हो जाता था। परिवार की आर्थिक स्थिति सीमित थी और कृषि में जोखिम अधिक। इसी परिस्थिति में मनरेगा योजना के अंतर्गत डबरी निर्माण की स्वीकृति उनके लिए एक नई आशा लेकर आई। ग्राम पंचायत के सहयोग और तकनीकी मार्गदर्शन में उनके खेत में डबरी का निर्माण किया गया। यह डबरी वर्षा जल संग्रहण का स्थायी माध्यम बन गई। बरसात का पानी अब व्यर्थ बहने के बजाय डबरी में संरक्षित होने लगा।

डबरी निर्माण के बाद टीकम राम साहू ने इसका बहुउपयोग करना आरंभ किया। सबसे पहले तो सिंचाई की समस्या का समाधान हुआ। पहले जहां पानी की कमी के कारण सीमित क्षेत्र में खेती होती थी वहीं अब पर्याप्त जल उपलब्धता से अधिक भूमि में खेती संभव हुई। फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसके साथ ही उन्होंने डबरी को आय के एक नए स्रोत के रूप में विकसित किया। डबरी में लगभग 110 किलोग्राम मछली बीज डाला गया। नियमित देखभाल और जल प्रबंधन के कारण मछलियों की अच्छी वृद्धि हुई। मछली पालन ने अतिरिक्त आय का मार्ग प्रशस्त किया। यह आय कृषि पर निर्भरता को कम करने में सहायक सिद्ध हुई।

### होली त्यौहार के पहले दर्रीखार में अवैध मकानों पर चला बुलडोजर



- कई परिवार हुए बेघर, इलाके में पुलिस बल तैनात

**कोरबा 24 फरवरी।** होली से ठीक पहले दर्रीखार इलाके में प्रशासनिक कार्रवाई ने कई परिवारों की सुबह को हड़कंप में बदल दिया। सोमवार सुबह कटघोरा एसडीएम की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और कथित कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। देखते ही देखते बुलडोजर चलने लगे और कई मकान जमींदोज कर दिए गए। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक कार्रवाई अचानक शुरू हुई, जिससे रहवासियों को सामान समेटने का भी पर्याप्त समय नहीं मिल पाया। मकान टूटते ही महिलाओं और बच्चों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। सूत्रों का कहना है कि दर्रीखार की जिस जमीन पर कब्जा हटाया गया, वह लंबे समय से विवादित बताई जा रही थी। इलाके की ज्यादातर जमीन कुछ कांग्रेसी नेताओं से जुड़ी होने की चर्चा भी स्थानीय स्तर पर हो रही है, हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पूर्व सूचना और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर की गई है। वहीं प्रभावित परिवारों का आरोप है कि त्योहार से ठीक पहले की गई यह कार्रवाई अमानवीय है। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मामले को लेकर सियासी हलचल भी तेज होने की संभावना है।

## एक नजर

### अवैध वनोपज परिवहन पर वन विभाग ने की कार्रवाई

**रायपुर, 24 फरवरी।** वन विभाग द्वारा अम्बिकापुर जिले में अवैध कटाई एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। सरगुजा वनमण्डल के वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन में रात्रि गश्ती एवं नाका जांच के दौरान दो अलग-अलग प्रकरणों में कुल 43 नग चिरान जब्त किए गए। वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत चेन्द्रा वृत्त से सागौन की अवैध कटाई की सूचना पर दरिमा चौक में नाकाबंदी की गई। संदिग्ध पिकअप वाहन को ग्राम लोसगा के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। जांच में 27 नग सागौन चिरान बरामद हुआ। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर वाहन सहित लगभग तीन लाख रुपये मूल्य की सामग्री जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं छत्तीसगढ़ वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार वन परिक्षेत्र उदयपुर में रात्रि गश्ती के दौरान 16 नग साल चिरान (0.476 घनमीटर) जब्त कर संबंधित धाराओं में वन अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों प्रकरणों में विधिसम्मत राजसात की कार्रवाई की जा रही है।

### स्वस्थ बचपन की दिशा में वजन त्यौहार सशक्त पहल

**रायपुर, 24 फरवरी।** बलरामपुर जिले में बच्चों के समग्र स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हेतु कलेक्टर के मार्गदर्शन में 'वजन त्यौहार' का सफल आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन कर उनके पोषण स्तर का आकलन किया जा रहा है। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं घर-घर संपर्क कर पालकों को जागरूक करते हुए बच्चों को केंद्र तक ला रही हैं। वजन के आधार पर बच्चों को सामान्य, मध्यम कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित श्रेणियों में चिन्हांकित किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर अतिरिक्त पोषण, चिकित्सकीय परामर्श एवं विशेष देखभाल उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर माताओं को सुपोषण, संतुलित आहार, स्तनपान, टीकाकरण एवं स्वच्छता के महत्व की जानकारी भी दी जा रही है। कुपोषण की आशंका वाले बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र, स्वास्थ्य जांच शिविर एवं पूरक पोषण आहार से जोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने पालकों से बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र अवश्य लाने की अपील की है।

### अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**रायपुर, 24 फरवरी।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट की ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर जाकर 01 अप्रैल 2026 तक पंजीयन करा हैं। इस हेतु ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) जुलाई-अगस्त 2026 में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली रैली के लिए बुलाया जाएगा। भर्ती कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य को आवंटित अग्निवीर पदों की संख्या सीधे तौर पर पंजीयन की संख्या के अनुपात में निर्धारित की जाती है। विगत तीन वर्षों में देखा जाए तो वर्ष 2023-24 में 14,153 पंजीयन हुए एवं 895 पद आबंटित, वर्ष 2024-25 में 19,355 पंजीयन हुए एवं 731 पद आबंटित, वर्ष 2025-26 में 28,547 युवाओं द्वारा पंजीयन किया गया है। इसके आधार पर अनुमानित 1100 से 1300 तक पद छत्तीसगढ़ के लिए आबंटित होने की संभावना है।

### इतिहास से प्रेरणा लेकर ही सशक्त भविष्य का निर्माण संभव:राजेश

**रायपुर, 24 फरवरी।** राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक साइंस कॉलेज ग्राउंड में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग द्वारा आयोजित विश्वविख्यात महानाट्य 'जाणता राजा' का भव्य समापन समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर तथा आदिम जाति विकास विभाग के सचिव श्री सोनमणि बोरा भी उपस्थित थे। छत्रपति शिवाजी महाराज के अद्वितीय शौर्य, रणनीति, राष्ट्रभक्ति और लोक-कल्याणकारी शासन की गाथा पर आधारित इस ऐतिहासिक महानाट्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भव्य मंच सज्जा, सजीव अभिनय, प्रभावशाली प्रकाश एवं ध्वनि संयोजन तथा ऐतिहासिक दृश्यों की जीवंत प्रस्तुति ने मानो इतिहास के स्वर्णिम पन्नों को साकार कर दिया।

# रायपुर : संत गाडगे बाबा ने दिया स्वच्छता ही सच्ची पूजा का संदेश : सीएम साय

**रायपुर, 24 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्र संत शिरोमणि गाडगे बाबा की 150वीं जयंती पर आयोजित निर्मल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी ऐसे महान संत का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवन और कर्मों से समाज को स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे बाबा ने स्वच्छता ही सच्ची पूजा÷ का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संत गाडगे बाबा की स्वच्छता की प्रेरणा से उन्हें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत अभियान का स्मरण हो गया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की और आज स्वच्छता जनआंदोलन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह संत गाडगे बाबा के विचारों का ही प्रभाव है कि देश में स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी माताओं-बहनों को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। देशभर में शौचालयों के निर्माण से उनकी गरिमा



और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएँ शुरू की गईं, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनधन योजना जैसी पहलें शामिल हैं। आज सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों तक पहुँच रहा है, जिससे पारदर्शिता और विश्वास दोनों बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश आर्थिक रूप से निरंतर मजबूत हो रहा है और हम सभी विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के साथ-साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण भी हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि समाज के हर वर्ग का सम्मान बढ़े और सभी समुदाय विकास की मुख्यधारा से जुड़ें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त कर नौकरी हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि सफल और संस्कारित जीवन जीने की आधारशिला है। उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में नशामुक्त वातावरण बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

# बारनवापारा अभयारण्य : जहां हर कदम पर है प्रकृति का रोमांच

**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 100 किलोमीटर दूर महासमुंद जिले में स्थित बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक आकर्षक पर्यटन स्थल है। लगभग 245 वर्ग किलोमीटर में फैला यह अभ्यारण्य साल और सागौन के घने जंगलों और समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहां का शांत वातावरण, हरियाली और वन्यजीवों की प्राकृतिक गतिविधियां पर्यटकों को एक अलग ही दुनिया का अनुभव कराती है।



बारनवापारा में चीतल, सांभर, नीलगाय, जंगली सूअर, चौसिंगा, भालू तथा कभी-कभी तेंदुए की झलक भी देखने को मिल जाती है। इसके अलावा विभिन्न प्रजातियों के पक्षी यहां के वातावरण को और जीवंत बनाते हैं। वन विभाग द्वारा संचालित जीप सफारी पर्यटकों को जंगल के भीतर सुरक्षित भ्रमण का अवसर देती है। सुबह और शाम का समय वन्यजीवों को देखने के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। यह अभयारण्य सड़क, रेल और हवाई मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। निकटतम हवाई अड्डा रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट है। रेल यात्रियों के लिए रायपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन सबसे सुविधाजनक स्टेशन है। रायपुर, महासमुंद और बलौदाबाजार से नियमित बस एवं टैक्सी सेवाएं उपलब्ध रहती हैं। निजी वाहन से पहुंचना अधिक सुविधाजनक रहता है।

अभयारण्य में प्रवेश शुल्क और सफारी शुल्क निर्धारित हैं। यहां पार्किंग, गाइड, वॉच टॉवर, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। पर्यटकों को सलाह दी जाती है कि वे सफारी के लिए अग्रिम बुकिंग कराएं और प्लास्टिक का उपयोग न करें। बारनवापारा की यात्रा को और अधिक सुखद बनाने के लिए पर्यटन मंडल द्वारा संचालित मोहदा रिसोर्ट विशेष आकर्षण का केंद्र है। यह रिसोर्ट प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित है और यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त कमरे, रेस्टोरेंट, बच्चों के खेलने की जगह तथा हरियाली से घिरा शांत परिसर उपलब्ध है। परिवार और समूह में आने वाले पर्यटकों के लिए यह ठहरने का एक उत्कृष्ट विकल्प है। यहां स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी लिया जा सकता है। जंगल सफारी और मोहदा रिसोर्ट की बुकिंग वनविभाग और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की साइट से की जा सकती है।

बारनवापारा के समीप स्थित तुरतुरिया भी पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यह स्थान अपने प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। यहां प्राचीन अवशेष, शांत वन क्षेत्र और जलधाराएं पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। तुरतुरिया को महर्षि वाल्मीकि के आश्रम से जुड़ी मान्यता के कारण धार्मिक और पौराणिक महत्व भी प्राप्त है। यहां पिकनिक और प्रकृति अवलोकन के लिए उपयुक्त वातावरण मिलता है। लोक मान्यता है कि माता सीता ने वनवास के दौरान यहीं आश्रय लिया था और लव-कुश का जन्म भी इसी क्षेत्र में हुआ। इस कारण यह स्थल धार्मिक आस्था का केंद्र है। यह क्षेत्र घने जंगलों, पहाड़ियों और शांत वातावरण से घिरा हुआ है। यहां बहने वाली छोटी जलधाराएं और प्राकृतिक झरने इसकी खूबसूरती को और बढ़ाते हैं। प्रकृति प्रेमियों और पिकनिक मनाने वालों के लिए यह आकर्षक स्थान है। तुरतुरिया में प्राचीन मंदिरों और संरचनाओं के अवशेष मिले हैं, जो इस क्षेत्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को दर्शाते हैं। पुरातात्विक दृष्टि से भी यह स्थान महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां प्राकृतिक गरम जल कुंड भी पाए जाते हैं, जिनके बारे में स्थानीय मान्यता है कि इनका जल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। यही तुर-तुर÷ध्वनि से निकले नाम की एक मान्यता भी बताई जाती है।

अभयारण्य से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित सिरपुर ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। प्राचीन मंदिर, बौद्ध विहार और पुरातात्विक अवशेष यहां के प्रमुख आकर्षण हैं, जो इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। बारनवापारा घूमने का सर्वोत्तम समय अक्टूबर से जून तक माना जाता है। वर्षा ऋतु में हरियाली अपने चरम पर होती है, हालांकि कभी-कभी सफारी सेवाएं सीमित हो सकती हैं।

## जनकल्याणकारी नीतियों से मजबूत हो रही प्रदेश की अर्थव्यवस्था :सीएम साय

**रायपुर, 24 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 प्रदेश की मजबूत, संतुलित और विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, किसानों के हित में लिए गए निर्णयों, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने तथा सेवा क्षेत्र के विस्तार के कारण छत्तीसगढ़ आज विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (त्रस्छक्क) प्रचलित भावों पर बढ़कर लगभग 6 लाख 31 हजार 291 करोड़ रुपये अनुमानित है, जिसकी वृद्धि दर 11.57 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ में विकास के सभी प्रमुख क्षेत्र समान रूप से प्रगति कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है, जो किसानों की मेहनत, तकनीकी नवाचार, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा सरकार की किसान-हितैषी योजनाओं का परिणाम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और समृद्ध किसान ही विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव हैं। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश की औद्योगिक शक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार उद्योग क्षेत्र में 10.26 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है और राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान लगभग 49 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश, अधोसंरचना विकास और रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे प्रदेश की आर्थिक संरचना और अधिक मजबूत हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा क्षेत्र में 13.15 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, आईटी एवं डिजिटल सेवाओं में विस्तार के कारण युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र के विकास से राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2025-26 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर लगभग 1.79 लाख रुपये अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.07 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेशवासियों की बढ़ती आय, आर्थिक गतिविधियों के विस्तार और सरकार की विकासोन्मुख नीतियों का सकारात्मक परिणाम है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक परिवार की आय बढ़े, जीवन स्तर बेहतर हो और समृद्धि हर घर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर परिवार आर्थिक रूप से सशक्त एवं खुशहाल बने। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ आने वाले वर्षों में देश की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान और मजबूत करेगा तथा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### दिव्यांगजनों को मिला बायोनिक कृत्रिम हाथ

**रायपुर, 24 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप शासन द्वारा दिव्यांगजनों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कोंडागांव जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन कोण्डागांव एवं समाज कल्याण संचालनालय, रायपुर के निर्देशानुसार कोहनी के नीचे हाथ गंवा चुके चिन्हांकित 8 दिव्यांगजनों को रायपुर लाकर इनाली फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशेष शिविर में परीक्षण कराया गया। परीक्षण उपरांत 4 दिव्यांग कु. रामवती (ग्राम खजरावण्ड, बड़ेराजपुर), राम नाग (ग्राम फुक्रागिरोला, जनपद कोंडागांव), मनीराम नाग (ग्राम पंचायत निलजी) एवं संतु (ग्राम पंचायत बड़ेकुरूसनार, विकासखंड कोंडागांव) को निःशुल्क बायोनिक कृत्रिम हाथ प्रदान किया गया। इस आधुनिक सहायक उपकरण की सहायता से हितग्राही दैनिक कार्य, छोटी वस्तुएं उठाने जैसे कार्य खुद कर सकेंगे। इससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना सुदृढ़ होगी।



## मुख्यमंत्री से राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त हुए अधिकारियों ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर 24 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में राज्य प्रशासनिक सेवा तथा एलाइड सर्विस से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति न केवल गौरव का विषय है, बल्कि यह जनसेवा के व्यापक अवसरों और जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अधिकारियों की सक्रिय भूमिका से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्त श्री तीर्थराज अग्रवाल, सुश्री लीना कोसम, श्री बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, श्री सुमित अग्रवाल, श्री संदीप कुमार अग्रवाल, श्री आशीष कुमार टिकरिहा, श्री ऋषभ पाराशर एवं श्री तरुण किरण उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन से मांगामार में हर घर जल का सपना हुआ साकार

**रायपुर, 24 फरवरी।** जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से कोरबा जिले के दूरस्थ ग्राम मांगामार में पेयजल व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव आया है। जिला मुख्यालय से लगभग 53 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव की ढाई हजार से अधिक आबादी को अब घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। मिशन के तहत एक करोड़ 45 लाख 34 हजार रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग योजना पूर्ण की गई। योजना अंतर्गत उच्च स्तरीय पानी टंकी स्थापित कर 3700 मीटर पाइपलाइन बिछाई गई तथा 522 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए। इससे हैंडपंप एवं कुओं पर निर्भरता समाप्त हो गई है। गर्मी के मौसम में जलसंकट से जूझने वाले ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को राहत मिली है। पहले पानी भरने के लिए लंबी कतारें लगती थीं और घंटों मशक्कत करनी पड़ती थी। अब नियमित जलापूर्ति से उनकी दिनचर्या सुगम हुई है तथा वे समय का उपयोग परिवार, बच्चों की पढ़ाई और आयवर्धक कार्यों में कर रही हैं। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से जलजनित रोगों में भी कमी आई है। मांगामार में यह योजना ग्रामीण विकास की नई धारा बनकर उभरी है।



# विधानसभा के सदस्यों के लिए ब्रहमा भोजन का आयोजन सुंदर और प्रेरणादायी परंपरा:सीएम साय

**रायपुर, 24 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज नया रायपुर स्थित शांति सरोवर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सम्मानित सदस्यों के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नेह मिलन एवं ब्रह्मा भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ब्रह्माकुमारी बहनों के स्नेह, आत्मीयता और सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि बहनों के प्रेम और आदर से हम सब अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बड़े स्नेह के साथ विधानसभा के सदस्यों के लिए ब्रह्मा भोजन का आयोजन एक सुंदर और प्रेरणादायी परंपरा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में नैतिक मूल्यों,



आध्यात्मिक जागरूकता और आत्मिक शांति के प्रसार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांति सरोवर और शांति शिखर जैसे आध्यात्मिक केंद्रों में सदैव सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। संस्था का 137 से अधिक देशों में विस्तार होना अत्यंत सुखद और प्रेरक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में जनजागृति लाने का कार्य कर रहा है। महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में संस्था की भूमिका उल्लेखनीय है। जनजातीय क्षेत्रों में भी संस्था द्वारा सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों से स्थानीय लोगों को व्यापक लाभ मिला है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ब्रह्माकुमारी बहनों के अतिथि बने और पवित्र ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित कैबिनेट मंत्रीगण और सभी विधायकगणों ने भी ब्रह्मा भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुख्यमंत्री एवं विधानसभा के सभी सदस्यों को माउंट आबू आने का आग्रह किया, जिसे मुख्यमंत्री श्री साय ने सहर्ष स्वीकार करते हुए वहां आने की सहमति दी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वन मंत्री श्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, विधायक श्री धरमलाल कौशिक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी परिवार की ओर से मृत्युंजय भाई, आत्म प्रकाश भाई, हेमलता दीदी, लता दीदी, आशा दीदी, सरिता दीदी एवं सविता दीदी सहित अन्य सदस्य कार्यक्रम में सहभागी रहे।


**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर**

**जिला-जाजंगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **09-03-2026 समय 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 186035 | 78/व.ले.लि./2025-2026 दिनांक 20.02.2026 | जांजगीर-चाम्पा जिले के अंतर्गत ससहा वितरक नहर, खरखोद वितरक नहर, ढाबाडीह वितरक नहर एवं इसके अंतर्गत माईनरों के पक्के कार्यों एवं लाईनिंग का मरम्मत एवं नये प्रस्तावित पक्के कार्य एवं नहर के सर्विस बैंक में मुरूम टापिंग कार्य। | 271.80 | तृतीय आमंत्रण |
| 186036 | 79/व.ले.लि./2025-2026 दिनांक 20.02.2026 | जांजगीर-चाम्पा जिले के विकास खण्ड नवागढ़ अंतर्गत नवागढ़ शाखा नहर अंतर्गत भठली उपवितरक नहर प्रणाली में मिट्टी मरम्मत, लाईनिंग एवं पक्का स्ट्रक्चर कार्य। | 295.50 | तृतीय आमंत्रण |

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2014 एवं पुनरीक्षित दर दिनांक 22.08.2022 पर आधारित)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **27-02-2026** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट **https://eproc.cgstate.gov.in** में **Live Tender** के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**कार्यपालन अभियंता**
**हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**

**जी-252606842/8**

## एक नजर

### ट्रेड एक्सपो से बदला छग के व्यापार का चेहरा



**रायपुर, 24 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी तथा शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में आयोजित देश के प्रतिष्ठित व्यापारिक आयोजनों में शामिल कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 छत्तीसगढ़ के व्यापारिक परिदृश्य को नई दिशा देता हुआ अपने समापन की ओर अग्रसर है। तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल नवाचार और स्वदेशी सोच के प्रभावशाली संगम ने इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर का व्यापार एवं इनोवेशन हब बना दिया है। एक्सपो के आज के कार्यक्रम में चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा; आकाश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम रायपुर; प्रमोद दुबे, पूर्व महापौर, नगर निगम रायपुर एवं राजेंद्र जग्गी, प्रदेश अध्यक्ष, व्यापार प्रकोष्ठ, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने एक्सपो परिसर का भ्रमण कर देशभर से आए व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों एवं युवा उद्यमियों से संवाद किया।

### बजट से पूर्व विष्णु देव साय से मिले वित्त मंत्री चौधरी

**रायपुर, 24 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा परिसर स्थित उनके कक्ष में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करने से पूर्व मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने वित्त मंत्री को आगामी बजट के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बजट प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला तथा छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार की जनकल्याणकारी प्राथमिकताओं, सुशासन और समावेशी विकास के संकल्प को यह बजट और अधिक सशक्त आधार प्रदान करेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित मंत्रिपरिषद के सभी मंत्रीगण तथा वित्त सचिव मुकेश बंसल उपस्थित थे।

### 25 व 26 को सहयोग केन्द्र में उपस्थित रहेंगे कैबिनेट मंत्री

**रायपुर, 24 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी केप्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में प्रदेश सरकार के मंत्री लगतार कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से मुलाकात उनके आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं। सहयोग केन्द्र में आवेदनों के निराकरण से कार्यकर्ताओं एवं आमजनों में भारी उत्साह है। आगामी 25 फ़रवरी को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग उपस्थित रहेंगे। इसके अगले दिन 26 फ़रवरी को प्रदेश की संस्कृति व पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल सहयोग केंद्र में समस्याएँ सुनकर समाधान करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा मंत्री अमित साहू उपस्थित रहेंगे।

### आहूजा ने सुभाष अग्रवाल को जन्मदिन की दी बधाई



**रायपुर, 24 फरवरी।** नहर पारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं संरक्षक शंकर दानवानी ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व शहर भाजपा के उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है।

# गोबर खाद घोटाले से गरमाई विधानसभा

**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने गोबर खाद की आपूर्ति के लिए प्रस्तुत प्रमाणकों में फर्जी हस्ताक्षर का मुद्दा उठाते हुए वन मंत्री केदार कश्यप को घेरा. वन मंत्री के जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद विधायकों ने मंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया. अंत में मंत्री ने रिपोर्ट आते ही कार्यवाही के आश्वासन पर मामला शांत हुआ.

विधायक दलेश्वर साहू ने मरवाही वनमंडल अंतर्गत गोबर खाद आपूर्ति के लिए प्रस्तुत प्रमाणको में फर्जी हस्ताक्षर को जांच का मामला उठाया. इस पर मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि 6 जनवरी 2026 को ही शिकायत प्राप्त हुई है. शिकायत के संदर्भ में जांच चल रही है. 3 सदस्यीय समिति जांच कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी. जो भई दोषी होगा उस पर कार्यवाही करेंगे.

इस पर विधायक ने सवाल किया कि कितने फर्जी हस्ताक्षर के बिल को पास किया गया है? मंत्री ने बताया कि जांच चल रही है. रिपोर्ट आते ही कार्यवाही की जाएगी. विधायक ने इस पर जांच पूर्ण होने की बात कहते हुए जांच के नाम पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आ गई हैय डीएफओ पर कार्यवाही होना तय है. क्या आप कार्यवाही करेंगे?

इस पर सभापति ने दखल देते हुए विधायक से कहा कि आप मंत्री से अलग से मिल कर बात कर लेंगे. वहीं डीएफओ पर कार्यवाही की बात का जवाब मंत्री द्वारा सही तरीके से नहीं देने पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा मचाया. सभापति ने इसके साथ स्पष्ट किया कि बिना आसंदी के अनुमति के कोई भी कागज पटल पर नहीं रखा जा सकता.

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि समिति जांच कर रही है, रिपोर्ट आते ही इस पर कार्यवाही कर दी जाएगी. विधायक उमेश पटेल ने कहा कि जो भी तथ्य है, उसे सदन के पटल पर रखे जाने की अनुमति दे दीजिए. सभापति ने कहा कि इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती इसकी प्रक्रिया होती है.

चर्चा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि हमारे विधायक कह रखे है कि जांच हो गई है. अधिकारी दोषी पाया गया है. अगर दोषी पाया गए हैं, तो उसे ससपेंड कर दीजिए. हम यही तो कहा रहे हैं. विधायक ने इस पर कहा कि रिपोर्ट आपके पास कब तक आजाएगी यह बता दीजिए. इस पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि रिपोर्ट आते ही इस पर कार्यवाही हो जाएगी.




### सदन में उठा अवैध मोबाइल टावरों का मामला

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने बिलासपुर जिले में अवैध रूप से लगाए गए मोबाइल टावरों का मुद्दा सदन में उठाया। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बिलासपुर जिले में कई जगहों पर अवैध टावर लगाए गए हैं।



इस पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि लिखित में दे दीजिए, परीक्षण करा लेंगे। विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए आवेदन किस विभाग द्वारा स्वीकार किया जाता है, कितने आवेदन किस-किस सेवा प्रदाता कंपनी से मिले हैं। इस पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित 'Right of Way' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाते हैं। सुशांत शुक्ला ने आगे सवाल किया कि वर्ष 2024 से जनवरी 2026 तक कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितनों को अनुमति की गई? मुख्यमंत्री ने बताया कि 426 आवेदन आए थे, जिनमें से 18 को अनुमति जारी की गई है। वहीं 246 आवेदन निजी भूमि से संबंधित होने पर संबंधित सेवा प्रदाता को सुचना दी गई है।

### सुनील सोनी ने उठाया सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ा मुद्दा

छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है. अब दुर्घटना नहीं बल्कि दुर्घटना में मरने और घायल होने वालों की संख्या लोगों को कचोटती है. भाजपा विधायक सुनील सोनी ने लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर सदन में परिवहन मंत्री केदार कश्यप को घेरा. छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक सुनील सोनी ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से जुड़ा मुद्दा उठाया. भाजपा विधायक ने पूछा कि बीते 1 वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में कितनी मौतें हुई है? रोकथाम के लिए क्या मास्टर प्लान है? इस पर परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि बीते साल में 6898 मौतें हुई हैं. सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं. राजधानी रायपुर में यातायात बेहतर किया जा रहा है. इसके साथ राजधानी में सुगम यातायात के मुद्दे पर घेरा विधायक ने परिवहन मंत्री को घेरा. सुनील सोनी ने पूछा कि राजधानी में कितनी सिटी बसें चल रही हैं? सस्ता परिवहन राजधानीवासियों को क्यों मिल रहा है? इस पर परिवहन मंत्री केदार कश्यप जवाबनहीं दे पाए कहा- जानकारी लेके उपलब्ध कराऊंगा.



# छत्तीसगढ़ की माटी का तिलक लगाकर चौधरी निकले घर से



**रायपुर, 24 फरवरी।** बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ की माटी का तिलक लगाकर अपने निवास से प्रस्थान किया। इसे राज्य की संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव का प्रतीक माना जा रहा है।

### वित्त मंत्री ने पत्नी संग की मंदिर में पूजा-अर्चना

**रायपुर, 24 फरवरी।** बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपनी धर्मपत्नी डॉ. अदिति पटेल के साथ अपने आवास से बाहर निकले और हाथ में बजट ब्रीफकेस लिए हुए नजर आए। इसके बाद वित्त मंत्री ने अपनी पत्नी के साथ आवास में स्थित शंकर भगवान की मूर्ति की पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान राम का आशीर्वाद लिया।



### विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने सिपेट में सीखे उद्यमिता के गुण

**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विप्र कॉलेज द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को सेंटर इंस्टिट्यूट ऑफपेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ले जाया गया, जहाँ दो दिवसीय कार्यशाला इटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट विदाउट प्लांट लेआउट विषय पर आयोजित की गई। विप्र कॉलेज द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में कुल 52 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों के साथ विभागाध्यक्ष डॉ. आराधना शुक्ला तथा प्राध्यापकगण डॉ. निधि शुक्ला, प्रगति राय एवं मोनार्क सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रथम दिवस में 'इंटरप्राइज डेवलपमेंट' विषय पर विद्यार्थियों को उद्यमिता के मूल सिद्धांत, व्यवसाय स्थापना की प्रक्रिया, वित्तीय प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय दिवस में 'प्लांट लेआउट' विषय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्लांट लेआउट, उत्पादन प्रक्रिया, कार्य प्रवाह प्रबंधन एवं औद्योगिक सुरक्षा के विषय में व्यावहारिक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को मशीनों एवं उत्पादन इकाइयों का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

# विधानसभा में गूंजा अरपा नहर मुआवजा कांड

**रायपुर, 24 फरवरी।** अरपा भैंसाझार नहर निर्माण में भूअधिग्रहण व भूअर्जन घोटाला विधानसभा में गूंजा। बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक ने 23.46 करोड़ के फर्जी भुगतान का मामला उठाया। विधायक ने राजस्व मंत्री से पूछा कि घोटालेबाजों पर क्या कार्रवाई की जा रही है।



बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से सवाल करते हुए पूछा, 14 जुलाई, 2025 के उत्तर में अरपा भैंसाझार परियोजना में अनियमितता पाए जाने का उल्लेख किया गया है? विधायक कौशिक के सवालों का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, 14 जुलाई 2025 के उत्तर में अरपा भैंसाझार परियोजना में अनियमितता पाए जाने का उल्लेख किया गया है। इस परियोजना में संरेखण एवं मुआवजा भुगतान में अनियमितता पाई गई है।

घोटाले की जांच को लेकर मंत्री ने कहा, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ई.ओ.डब्ल्यू.) में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 12 मई 2025 को जल संसाधन विभाग की बैठक में निर्देशानुसार परियोजना में हुई अनियमितता की जांच हेतु ई.ओ.डब्ल्यू. को प्रकरण प्रेषित किया गया है।

#### कलेक्टर की जांच में ये दोषी

- तत्कालीन एसडीएम कोटा आनंदरुप तिवारी।
- तत्कालीन एसडीएम कोटा कीर्तिमान सिंह राठौर।
- नायब तहसीलदार मोहरसाय सिदार।
- आरआई हुल सिंह।
- पटवारी दिलशाद अहमद।
- पटवारी मुकेश साहू सकरी।

सिंचाई विभाग के पांच अधिकारियों की इस केस में भूमिका रही। इन्हें भी जांच में दोषी पाया गया।

- तत्कालीन ईई कोटा आरएस नायडू।
- ईई कोटा एके तिवारी।
- तत्कालीन एसडीओ कोटा राजेंद्र प्रसाद मिश्रा।
- तत्कालीन एसडीओ तखतपुर आरपी द्विवेदी।
- सब इंजीनियर तखतपुर आरके राजपूत।

# मेकाहारा के एनेस्थीसिया चिकित्सक पर सेवा नियम उल्लंघन का आरोप

### एनएसयूआई ने की निलंबन की मांग

**रायपुर, 24 फरवरी।** प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय (मेकहारा) में पदस्थ एनेस्थीसिया विभाग के चिकित्सक डॉ. बालकृष्ण साहू के खिलाफ शासकीय सेवा नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई ने डीन को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल डीन कार्यालय पहुंचा और औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि संबंधित चिकित्सक शासकीय सेवा में रहते हुए श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, नवा रायपुर सेक्टर-2 में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जो शासकीय सेवा नियमों के विरुद्ध है। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि मेकहारा जैसे प्रमुख शासकीय अस्पताल में डॉक्टरों की उपलब्धता मरीजों के उपचार के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि शासकीय चिकित्सक निजी अस्पतालों में कार्य करते हैं तो इसका सीधा असर गरीब और जरूरतमंद मरीजों की चिकित्सा सेवाओं पर पड़ता है।

एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित चिकित्सक के खिलाफ तत्काल निलंबन सहित कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन को संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश सचिव कुणाल दूबे, अतिक मेमन, जिला महासचिव खुशराज ढिल्लों, वि.सा. उपाध्यक्ष आशीष बाजपाई सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# विकसित छत्तीसगढ़ की ओर निर्णायक कदम

**रायपुर, 24 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के वर्ष 2026-27 के संकल्प बजट का स्वागत करते हुए भाजपा युवा नेता अमित चौधरी ने इसे प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का विज़न डॉक्यूमेंट बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट सर्वसमावेशी, संतुलित और दूरदर्शी विकास की मजबूत आधारशिला रखता है।



अमित चौधरी ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रदेश को नई ऊर्जा, नई सोच और नई रफ्तार देने वाला है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ का सशक्त योगदान है।

उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बजट में घोषित 5 मुख्यमंत्री मिशन एआई मिशन, खेल उत्कर्ष मिशन, पर्यटन विकास मिशन, अधोसंरचना मिशन एवं स्टार्टअप-निपुन मिशन- युवाओं को आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप और कौशल विकास से जोड़ेंगे। साथ ही अधोसंरचना और पर्यटन क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। यह बजट किसानों, महिलाओं सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। अमित चौधरी ने कहा कि यह केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि ज्ञान से गति, विकास से विश्वास और अवसर से आत्मनिर्भरता का स्पष्ट संकल्प है। यह बजट छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### चौथी बटालियन परिसर में जवान ने की खुदकुशी

**रायपुर,24 फ़रवरी।** राजधानी रायपुर से एक दुखद खबर सामने आई है। माना स्थित चौथी बटालियन परिसर में पदस्थ एक जवान ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद सुरक्षा महकमे में हड़कंप मच गया है। मृतक जवान की पहचान एन. आर. अर्जुन इक्का के रूप में हुई है। वह चौथी बटालियन में पदस्थ थे और मूलतः जशपुर जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी और माना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खुदकुशी के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने डॉ. अरविंद नाथ

**गरियाबंद, 24 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय द्वारा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सह-संयोजकों की घोषणा की गई है। प्रदेश अध्यक्ष मा. श्री किरण सिंह देव की सहमति से जारी सूची के अनुसार गरियाबंध जिले में डॉ. अरविंद नाथ तिवारी को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। डॉ. अरविंद नाथ तिवारी की नियुक्ति से जिले के चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों में उत्साह का माहौल है। संगठन ने उनके अनुभव, सेवा भावना और सामाजिक सक्रियता को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

डॉ. तिवारी लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से समाज की सेवा करते आ रहे हैं। वे विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति से चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

नवनियुक्त जिला संयोजक डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा कार्यों को गति देंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता अभियान तथा जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क परामर्श जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिले के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. तिवारी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएँ दी हैं तथा विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। यह नियुक्ति आगामी समय में संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जनसंपर्क और जनसेवा को विस्तार देने में सहायक सिद्ध होगी।



# आर्थिक सर्वेक्षण राज्य की मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण

**रायपुर, 24 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश का जीएसडीपी प्रचलित भावों पर बढ़कर 6,31,291 करोड़ अनुमानित है, जिसकी वृद्धि दर 11.57% है - जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53%, उद्योग में 10.26% और सेवा क्षेत्र में 13.15% वृद्धि का अनुमान यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ आज किसानों की समृद्धि और औद्योगिक मजबूती के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।



समृद्ध किसान, मजबूत उद्योग और विस्तृत सेवा क्षेत्र - यही विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव है। हमारे लिए गर्व का विषय है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में 12.53त्न वृद्धि अनुमानित है। कृषि क्षेत्र में मजबूत विकास दर दर्ज हुई है, जो किसानों की मेहनत और हमारी किसान-हितैषी नीतियों का परिणाम है।

समृद्ध किसान ही विकसित छत्तीसगढ़ की नींव है। छत्तीसगढ़ आज देश की औद्योगिक ताकत के रूप में तेजी से उभर रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार उद्योग क्षेत्र में 10.26% वृद्धि अनुमानित है और राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान लगभग 49त्न है – जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। निवेश, रोजगार और अधोसंरचना विकास के नए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। सेवा क्षेत्र छत्तीसगढ़ की नई अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार सेवा क्षेत्र में 13.15% वृद्धि अनुमानित है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और डिजिटल सेवाओं में विस्तार से नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 दर्शाता है कि प्रदेशवासियों की आय लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2025-26 में प्रति व्यक्ति आय बढ़कर लगभग 1.79 लाख अनुमानित है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 10.07 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। यह हमारी विकासोन्मुख नीतियों और बढ़ती आर्थिक गतिविधियों का परिणाम है। हमारा लक्ष्य है - प्रदेश के हर परिवार की आय बढ़े, जीवन स्तर बेहतर हो और समृद्धि हर घर तक पहुंचे।

### आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में झूठ परोसा गया : बैज

**रायपुर, 24 फरवरी।** आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में सरकार ने चतुराई से अपनी नाकामी और असल आंकड़ों को छुपाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि ज़मीन हकीकत सरकार के कागजी दावों से बिल्कुल अलग है, पिछले बजट में छात्रवृत्ति के लिए आबंटित राशि का एक नया पैसा भी छात्रों को नहीं मिला। मुख्यमंत्री के गृह जिले कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज की घोषणा हुई थी, अब तक एक पत्थर भी नहीं रखा गया। स्कूलों में 60 हजार से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, लेकिन यह सरकार हर बार केवल घोषणा करती है, नई भर्तियां जानबूझकर रोक रखी है। 10463 स्कूल बंद कर दिये, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल सरकार की उपेक्षा से बदहाल है, सुपबेड़ा में एक बार फिर लोग आर्सेनिक और फ्लोराइड युक्त पानी पीने मजबूर हैं। अस्पतालों में जांच, इलाज और दवा के अभाव में मरीज बेमौत मरने मजबूर हैं। आयुष्मान योजना से इलाज का भुगतान नहीं होने से निजी अस्पतालों में मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि किसी भी सरकार के लिए बजट प्रावधान विजन डॉक्यूमेंट होता है, आने वाले वर्ष के लिए सरकार की प्राथमिकताओं और कार्ययोजना का ब्लूप्रिंट होता है।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26